फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 1, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 6 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

11 सफलता के

ग्यारह साल बेमिसाल

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

जनसंदेश टाइम्स की 11th ANNIVERSARY वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

New Laxmi Hospital Varanasi

## न्यू लक्ष्मी

## हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर

उपलब्ध विभाग एवं सुविधाएँ

सांप काटने के ईलाज की सुविधा

24 hr SERVICE EVERYDAY



**जनरल सर्जरी एवं लैप्रोस्कोपिक**
थायराइड, हार्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगंदर, अपेन्डिक्स, पित्त की थैरी में सूजन व पथरी, आंत में छेद, आंत फैलने पेट में ट्यूमर आदि की दूरबिन विधि से बिना चिरा के आपरेशन।

**बाल रोग**
सर्वो कन्ट्रोलर, वार्मर, डबल सरफेस, फोटो थैरेपी, एक्सचेन्ज ट्रांसफ्यूजन, नेब्यूलाईजर, टीकाकरण, पल्स ऑक्सीमीटर।

**यूरो सर्जरी**
प्रोस्टेट, गुर्दे एवं पेशाब की थैली एवं पेशाब की नली की पथरी, पेशाब के रास्ते में सिकुड़न व चोट आदि का ऑपरेशन

**प्लास्टिक सर्जरी**
आग व खौलते पानी से जलने, जलने से सिकुड़न स्कीन ग्राफ्टिंग, जन्म जात कटे होठ, तालू व अन्य बीमारियों का ऑपरेशन

**न्यूरो मेडिसिन**
मस्तिष्क ज्वर, मस्तिष्क टीबी, मिर्गी का दौरा, लकवा, ब्रेन हैमरेज एवं सिर दर्द (माइग्रेन), दिमाग में गांठ रोगों का ईलाज।

**न्यूरो सर्जरी**
हाईड्रोसीफेल्स, हेड सर्जरी

**स्त्री एवं प्रसूति रोग**
बच्चेदानी का ऑपरेशन, ट्यूमर, ज्यादा खून आना एवं पानी आना, माहवारी के रोग, गर्भवती महिला के परीक्षण, नसबन्दी, ऑपरेशन एवं गर्भधारण न होना, बार-बार गर्भ का गिर जाना आदि अन्य बीमारियो का समुचित ईलाज।

**अस्थि रोग एवं फिजियोथैरेपी**
टूटी फूटी हड्डियों का ईलाज, प्लास्टर एवं ऑपरेशन सी. आर्म, मशीन द्वारा छोटी चिरे, कमर दर्द, सर्वाइकल, घुटना, कुल्हे का ऑपरेशन एवं प्रत्यारोपण, रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन (स्पाइनल सर्जरी)

**जनरल मेडिसीन**
सांस, दमा, टी.वी., फेफड़ों का संक्रमण व पानी भरना, मिर्गी दौरा, लकवा आदि का ईलाज उच्च/निम्न रक्तचाप एवं ब्लड शूगर एवं उदर सम्बन्धि रोगों का इलाज।

### अन्य सुविधाएं-

आधुनिक ऑपरेशन थिएटर एवं ट्रामा सेन्टर।
डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, पैथोलॉजी।
सेल काउन्टर, इलेक्ट्रोलाईट, एनालाईजर, बॉयोकेमिस्ट्री।
सुसज्जित आधुनिक आईसीयू कक्ष।
न्यूरो सर्जरी एवं न्यूरो मेडिसीन विभाग।
डेन्टल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी।



डॉ. रणधीर सिंह
(एम. डी. एस. निदेशक)



डॉ. अनिल यादव
(प्रबन्ध निदेशक एम. डी.)



डॉ. विकास नागर
(एम.सी.एच. न्यूरो सर्जन )



डॉ. यशवंत सिंह
(एनेस्थेटिक)



डॉ. अभिषेक पाण्डेय
(एम.एस. आर्थो)



डॉ. सरवन मिश्रा
(एम.एस. लेप्रोस्कोपी सर्जन)

सातो महुआ, सेहमलपुर (हनुमान मंदिर के बगल में) काजीसराय, हरहुआ, वाराणसी

मो0-9616043523, 7388886001, 9838483848

# अपीलों का निस्तारण न होने से फंसे अरबों रुपये

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** आयकर विभाग के हजारों करदाता खासे परेशान है। उनकी परेशानी के दो कारण है। एक तो उनके करीब 10 अरब से अधिक रुपये विभाग में फंसे हुए हैं। इसमें नोटबंदी के दौरान जमा किये गये रकम भी शामिल है। जबकि कई आयकरदाताओं के बैंक खाते सीज होने से भी लंबी रकम फंस गयी है। दूसरा यह कि उनके अपीलों का निस्तारण नहीं हो रहा है और नोटिस पर नोटिस जारी कर दी जा रही है। आयकरदाताओं के कर सलाहकारों का कहना है कि रकम के बाबत की गयी अपीलों का निस्तारण न होने से ये रकम फंसे हुए हैं। सीआईटी में अपीलों का निस्तारण न होने से अपीलों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में इनकम टैक्स बार एसोसिएशन ने वित्त मंत्रालय से गुहार लगाई है।

हुआ यह कि आठ नवम्बर 2016 को नोटबंदी हुई तो लोगों ने अपने हजार-पांच सौ के नोट बैंकों में जमा

**बढ़ी परेशानी**

**नोटबंदी के दौरान खातों में जमा हुई रकम तो आयकर विभाग ने कसा था शिकंजा**

**अफसरों ने रकम जमा करने वालों से मांगी आय की जानकारी, पर नहीं मिला जवाब**

**रकम के बाबत नोटिस मिलने पर हुई अपील लेकिन अभी तक नहीं हुआ निस्तारण**

करना शुरू कर दिये। उस समय अफरा-तफरी का माहौल रहा। ऐसे में लोगों के मन में बस यहीं एक बात समायी हुई थी कि किसी तरह उनके पैसे बैंकों में जमा हो जाए। तब से लेकर अब तक करीब सवा छह साल बीत चुके हैं। वर्तमान में आयकर विभाग में हर काम ऑनलाइन हो रहा है। ऐसे में पांच हजार से अधिक कारोबारियों के अरबों रुपये अभी भी विभाग में अटके हुए हैं। वजह, नोटबंदी के दौरान जमा किये गये लंबी रकम पर जब आयकर विभाग की नजर पड़ी तो जांच शुरू हुई। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग ने बैंकर्स से जमा की गयी रकम की सूची ली और गहनाता से जांच की। जांच के पश्चात आयकर विभाग ने आयकरदाताओं के साथ ही उन लोगों को भी नोटिस भेजनी शुरू कर दी, जिन्होंने लंबी रकम बैंकों में जमा की थी। तत्पश्चात विभाग ने ऐसे लोगों को ऑनलाइन नोटिस भेजकर जमा की गयी रकम के बाबत साक्ष्य मांगें। निर्धारित तिथि तक तमाम कारोबारियों ने जवाब नहीं दिया। जिन लोगों ने जवाब तो दिया, लेकिन जमा रकम के बाबत साक्ष्य नहीं दे पाएं। तमाम खाताधारकों ने तो यहां तक कह दिया कि ऐसे रकम के बारे में उनको पता ही नहीं है। लिहाजा, संतोषजनक जवाब न मिलने पर आयकर विभाग के अफसरों ने सभी खातों को सीज कर 20 प्रतिशत जुर्माना लगा दिया। जुर्माने की नोटिस मिलने पर करदाताओं ने अपील की है, लेकिन अभी तक उसका निस्तारण नहीं हुआ है।

### करदाता को अपील करने का है अधिकार

इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष असीम जफर का कहना है कि आयकर विभाग जब किसी करदाता को किसी मामले में नोटिस देता है। करदाता को लगता है कि नोटिस जायज नहीं है तो उसे अपील करने का अधिकार है और वह अपील करता भी है। लेकिन अपीलों का निस्तारण समय पर न होने से करदाताओं को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। उनका कहना है कि करीब पांच साल से भी अधिक समय से अपीलों की पेंडेंसी बनी हुई है। इसके लिए लगातार विभाग के अधिकारियों के संपर्क किया जा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही। उनका कहना है कि कई कारोबारियों ने अपना टर्नओवर भी दिखाया, इसके बाद भी उनके खातों को सीज कर दिया गया है।

### 'विवाद से विश्वास' योजना से भी नहीं बना काम

कर सलाहकारों का कहना है कि नोटबंदी के बाद कोविड काल में लॉकडाउन ने कहर बरपाया। लॉकडाउन के बाद ऑनलाइन व्यवस्था ने जोर पकड़ा। आयकर विभाग भी फेसलेस हुआ और हर काम ऑनलाइन होने लगा। सीआईटी अपील का कार्यालय भी वर्ष 2020 में ऑनलाइन हो गया। अपीलों के निस्तारण के लिए 17 मार्च 2020 को 'विवाद से विश्वास' योजना लागू हुई, जो 31 मार्च 2021 तक चली। यह योजना आने पर आयकरदाताओं और कर अधिवक्ताओं में उम्मीदें जगी की लंबित मामलों का निस्तारण होगा, लेकिन इस योजना से कोई लाभ नहीं मिला। कर सलाहकारों का कहना है कि इस योजना में न केवल उन मुकदमों को शामिल किया गया, जो सीआईटी (ए) के समक्ष लंबित थे, बल्कि अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित सभी मामले और न्यायाधिकरण के आदेशों के खिलाफ अपील के रूप में लंबित मामले, सभी उच्च न्यायालयों के समक्ष, रिट याचिकाओं में शामिल मामले भी शामिल थे।




### दिवंगत करदाताओं के नाम भी जारी की जा रही नोटिस

दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ नयी दिल्ली वाराणसी शाखा के अध्यक्ष सोम दत्त रघु का कहना है कि आयकर विभाग में फेसलेस व्यवस्था लागू हुई है। ऐसे में विभाग की तरफ से करदाताओं को नोटिस ऑनलाइन भेजी जाती है। करदाताओं को इसका जवाब भी ऑनलाइन देना होता है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभाग खाता सीज कर डिमांड नोटिस भेज रहा है। हालांकि कुछ करदाताओं के परिजनों ने नोटिस के जवाब में यह भी उल्लेख किया है कि करदाता की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके ऐसे लोगों को भी दोबारा-तीबारा नोटिस जारी कर दी जा रही है। इससे करदाता के परिजन परेशान है।

# करसड़ा में जल्द मूर्त रूप लेगा तकनीकी संस्थान

**मौका-मुआयना**

**डीएम एस. राजलिंगम ने क्षेत्र में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय और टेक्निकल इंस्टीट्यूट का किया निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** करसड़ा में निर्माणाधीन दो परियोजना का रविवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मौका-मुआयना किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। उनमें से एक केंद्रीय पेट्रो केमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान का सिर्फ पांच फीसदी कार्य अवशेष है। जबकि दूसरी परियोजना के तौर पर बन रहा अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य लगभग 54 प्रतिशत तक हो चुका है।

करसड़ा में सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पेट्रो केमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी यानि सिपेट की ओर से दस एकड़ क्षेत्रफल में 40.10 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन केंद्रीय पेट्रो केमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान की आधारशिला 15 जुलाई 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी ने रखी थी। इसके शुरु होने पर संस्थान में प्लास्टिक एवं पॉलीमर संबंधी उद्योगों में तकनीकी मानव शक्ति तैयार करने के लिए विशेष पाठ्यक्रम के माध्यम से हर साल दो हजार बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास की शिक्षा देने का लक्ष्य है।

इसके अलावा इस संस्थान में दीर्घ अवधि के पाठ्यक्रम के जरिये प्रति वर्ष एक हजार विद्यार्थी ट्रेंड होंगे। साथ ही यह संस्थान पूर्वांचल की औद्योगिक इकाइयों को की मदद भी करेगा। दूसरी ओर, 66.54 करोड़ रुपये की लागत से 12.25 एकड़ क्षेत्रफल में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य आगामी मार्च माह तक पूर्ण करने का टार्गेट है। यहां एक हजार बच्चे पढ़ेंगे। वर्तमान में 80 बच्चों का सेशन आरंभ करने की कवायद है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था के अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये।


जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने रविवार को करसड़ा क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं मौका-मुआयना कर कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली

# नशे में धुत युवकों को पंडों ने पीटा


**वाराणसी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक अस्सी घाट पर 24 घंटे के अंदर मारपीट और हंगामे की दूसरी घटना सामने आई है। नशे में धुत युवकों पर घाट के पंडे कहर बनकर टूटे। छतरी के बांस से उनकी पिटाई की। घटना से संबंधित वीडियो सोशल पर वायरल है।

पुलिस तक मामला नहीं पहुंचा। इससे पहले शनिवार को भी अस्सी घाट पर रैदासी पर्यटकों ने चाय विक्रेता के संग मारपीट की थी। माघ पूर्णिमा होने का कारण रविवार को अस्सी घाट पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ ज्यादा थी। लोग गंगा स्नान के बाद घाट पर बैठे पंडों से टीका-चंदन लगवा रहे थे। इस दौरान एक पंडे की चौकी पर कुछ युवक गंगा नहाकर पहुंचे। वो नशे में धुत थे। चौकी पर बैठे पंडे ने उन युवकों को दूर जाने को कहा तो वो बहस करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी गालीगलौज से होते हुए मारपीट में बदल गई। एक युवक ने छतरी के लिए लगाए गए बांस को निकाल लिया। नजारा देख मौके पर जुटे अन्य पंडों ने उस युवक को दबोच लिया। उसके हाथ से बांस छीन कर उसी से पिटाई शुरू कर दी। युवक के साथ मौजूद अन्य युवक पंडों का आक्रोशित रूप देख पीछे हट गए। मारपीट के कारण घाट पर मौजूद स्नानार्थियों और पर्यटकों में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मची रही। नशे में धुत युवक घाट से भाग गए और फिर माहौल शांत हो गया।

### महिला से छेड़खानी

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना के अंतर्गत ग्राम सभा कटौना थाना सिंधोरा निवासी आलोक कुमार ग्रामसभा कटौना निवासी अनुरेंद्र कुमार गौतम पर पत्नी को गलत इशारे करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उसने संबन्धित थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी। पुलिस ने धारा 294 506 और 504 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

# कमिश्नर व डीएम ने वीआईपी सुरक्षा पर की बैठक


बैठक में भाग लेते कमिश्नर और डीएम के साथ अधिकारी

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर श्री मुथा अशोक जैन एवं डीएम श्री एस. राजलिंगम ने प्रस्तावित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए सुरक्षा की समीक्षा की गई । इस दौरान आपसी सामंजस्य के जरिए सारा कार्यक्रम निबटाने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जी-20 की होने वाली बैठकों के सम्बन्ध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई । बैठक में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री रामसेवक गौतम, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री विक्रान्त वीर, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्रीमती आरती सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा एवं अभिसूचना श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी, उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण श्री अभिषेक गोयल, श्री सुनील वर्मा सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त नगर निगम श्री प्रणय सिंह, श्री अनूप सक्सेना अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, श्री आर0 के0 सोनकर महाप्रबन्धक बीएसएनएल, समेत अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अस्पताल के कर्मचारी से हजारों की ठगी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेलवे टिकट का पैसा वापस करने के नाम पर एप डाउनलोड करा कर पांडेयपुर स्थित जिला अस्पताल कर्मी से हजारों रुपए की ठगी कर ली गई। डाक्टर संतोष कुमार निवासी महावीर ग्रीन्स अपार्टमेन्ट अर्दली बाजार ने बताया कि 02 फरवरी को ट्रेन मैन एप के माध्यम से गोरखपुर वाराणसी का टिकट बुक कराया गया था। जिसमे मेरा 1186 रुपये काट लिया गया और टिकट भी प्राप्त नही हुआ। इस सम्बन्ध मे मैने उपरोक्त एप मे दिये गये मोबाइल नंबर पर काल किया। पैसा वापस करने के लिए क्वीक सपोर्ट लिंक डाउन लोड करने के लिए कहा गया डाउन लोड करते ही मेरे बैंक एकाउंट के डेबीट कार्ड के माध्यम से 18000 रुपये निकाल कर एक एकाउंट में ट्रान्सफर कर लिया गया। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# भाजपा की विचारधारा को बढ़ाने के लिए दें एक घंटा समय

**बोले सुनील ओझा**

**कार्यकर्ताओं की बदौलत ही संगठन बना विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल : डॉ. दयालु**

**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को एक घंटे अवश्य समय देना चाहिए। वह रविवार को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ भवन में महानगर कार्यसमिति, डाटा प्रबंधन एवं उपयोगिता की बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आरएसएस के कार्यकर्ता राष्ट्रहित में प्रतिदिन एक घंटा स्वयं को समर्पित करते हैं। उसी प्रकार भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन एक घंटे का समय देना होगा। केंद्र तथा प्रदेश सरकार के कार्यों की जिम्मेदारी तथा बजट को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हम सभी कार्यकर्ताओं की है। कहा कि केंद्र सरकार ने बजट के जरिए अपनी योजना आगामी 25 साल यानी सन 2047 तक का करके दूरगामी संदेश दिया है। राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं की भारी फोर्स के कारण ही संभव हो सका। आईटी के क्षेत्रीय संयोजक विजय गुप्ता ने कहा कि डाटा प्रबंधन पार्टी के विस्तार का आधारभूत अंग है। पार्टी के सभी दायित्ववान का डाटा एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो, उसके लिए सरल ऐप डाउनलोड कराकर डाटा फीड कराया जाना है। महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने अपने तीन साल के कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया। चार सत्रों में चली बैठक को विधायक सौरभ श्रीवास्तव व डॉ. नीलकंठ तिवारी, प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, ई. अशोक यादव, संतोष पटेल, नवीन कपूर, डॉ. रचना अग्रवाल, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, डॉ. गीता शास्त्री, आत्मा विश्वेश्वर, शोभनाथ मौर्या, योगेश सिंह पिंकू, जितेंद्र सोनकर आदि ने संबोधित किया।


भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा को सम्मानित करते पार्टी के लोग

# हरि को हर का बनाने वाले संत हैं रविदास

**बोले श्रीप्रकाश शुक्ल**

**बीएचयू में संत रविदास की जयंती पर परिचर्चा**

**वाराणसी।** बीएचयू के मुक्ताकाशीय मंच 'पुलिया प्रसंग' की तरफ से संत रविदास जयंती पर रविवार को 'रविदास का राज' विषयक आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए 'राग रविदास' पुस्तक के लेखक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हरि को हर का बनाने वाले संत है रविदास।

उन्होंने कहा कि कबीर यदि ज्ञान की उच्चता के कवि हैं तो रविदास अनुभव की ऊष्णता के कवि हैं। उनके अनुभव की सामाजिकता कबीर में ज्ञान की सामाजिकता के रूप में दिखाई देती है। कबीर समाज को बाहर से झकझोरते हैं तो रविदास अंदर से। रविदास ने समाज की मुक्ति के लिए श्रम को आधार बनाकर जो संघर्ष किया, उसमें पर्याप्त धैर्य था। रविदास के काव्य का मूल काव्य स्वर अभिधामूलक है।

उनका काव्य मानव समुदाय के मंगल के पक्ष में एक सशक्त बयान है। भौतिकी विभाग के प्रो. देवेंद्र मिश्र ने कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' ही रविदास का राज है और यह परिकल्पना एक सच्चे कर्मशील व्यक्ति की ही हो सकती है। परिचर्चा को डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ. अमरजीत राम, डॉ. विंध्याचल यादव, मनकामना शुक्ल, उमेश गोस्वामी, आर्यपुत्र दीपक, अमित कुमार, शिवम यादव, शुभम चतुर्वेदी, आलोक गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि ने संबोधित किया। संचालन अक्षत पाण्डेय ने किया। धन्यवाद आलोक गुप्ता ने दिया।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2976543 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। मनीषा उपाध्याय पुत्री मारकंडेय उपाधाय पता- रमनीपुर पिलकिछा, जौनपुर।

# पुलिस उपायुक्त के फालोवर ने दर्ज कराया मुकदमा

**वाराणसी।** बाइक सवार द्वारा लापरवाही पूर्वक दुर्घटना कर घायल कर देने के संबंध में पुलिस उपायुक्त यातायात के फालोवर ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार फालोअर अमृतलाल एक क्वार्टर लेकर पाण्डेयपुर में रहता है। उसकी तैनाती पुलिस उपायुक्त (यातायात) के यहा हैं। जहां जाने के लिए पांडेयपुर से साइकिल द्वारा पुलिस उपायुक्त के सेन्ट्रल जेल रोड स्थित आवास पर जाने के लिए निकला था। पुलिस लाइन चौराहे के पास तेज गति व लापरवाही पूर्वक एक एवेंजर बाइक के चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक नंबर के आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया ।

# देशी शराब के ठेके से बाइक गायब

**वाराणसी।** आदर्श नगर मंडुवाडीह निवासी सुरेंद्र कुमार गौतम की पल्सर बाइक शिवदासपुर स्थित देशी शराब के ठेके के सामने से गायब हो गई। मंडुवाडीह पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं युवा और उनकी मेधा

**व्याख्यान शृंखला**

**भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को करना होगा तैयार : विवेक काटजू**

**बीएचयू के सरदार वल्लभभाई पटेल छात्रावास में हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पूर्व राजनयिक विवेक काटजू ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसके युवा और उनकी मेधा होती है। वह बीएचयू के सरदार वल्लभभाई पटेल छात्रावास में भारत के जी-20 की अध्यक्षता वर्ष में शुरू हुए 'महामनामृत व्याख्यान शृंखला' के तहत रविवार को 'भारतीय विदेश सेवा के संदर्भ में एक राजनयिक के अनुभव' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे।

उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश का उदाहरण देते हुए कहा कि उन देशों के पास तेल से आने वाले खूब सारे पैसे और संपत्तियां हैं, पर उनके पास आप जैसा मानव संसाधन नहीं है। भारत ने अपनी आजादी के बाद अपने युवाओं की शिक्षा एवं उनकी मेधा के विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया, जिसके फलस्वरूप यहां के युवाओं ने पढ़-लिख कर सारी उपलब्धियां हासिल की।

काटजू ने कहा कि हमें भविष्य की ओर देखना चाहिए और उसकी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। चीन भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है, उससे निपटने के लिए हमें अपनी अकादमिक मेधा का सहारा लेना होगा। हमें मौलिक शोध और चिंतन के जरिए चीन को परास्त करने की कवायद करनी होगी। डिजिटल दुनिया में जो देश विज्ञान व तकनीकी में आगे रहेगा वही नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि मालवीय जी ने इस विश्वविद्यालय के रूप में भारत के विकास के लिए सबसे बड़ी पूंजी दी है। उन्होंने मिस्त्र, ईरान, फिजी से जुड़े अपने कार्य अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने शोधार्थियों के राजनयिक सेवा व अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से जुड़े कई सवालों का जवाब भी दिया। संचालन प्रशासनिक संरक्षक डॉ. धीरेंद्र राय ने किया। धन्यवाद संरक्षक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने दिया।


बीएचयू में आयोजित व्याख्यान शृंखला में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता

## संक्षेप

### सीएम से मिले अधिवक्ता, आयुष्मान योजना की मांग



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनरायण पाण्डेय और महामंत्री शशिकांत दूबे ने सर्किट हॉउस में मिला। मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष महामंत्री ने कचहरी को टिन शेड मुक्त करने वकीलों को मेडिकल सुविधा आयुष्मान योजना की तरह देने की मांग की साथ ही सेंट्रल बार में अभिनंदन के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जिस पर जल्द आने का आश्वासन दिया।

### दैवी सम्पत् ही मुक्ति का कारण : आचार्य ब्रह्मचारी

**वाराणसी।** अभय, शुद्धि, दान आदि गुण दैवी सम्पत् के रूप में प्रतिपादित है। गीता में और दम्भ पाखण्ड, अभिमान क्रोध कठोरता और अज्ञान आसुरी सम्पत् माने गये हैं। दैवी सम्पत् व्यक्ति की मुक्ति के लिए और आसुरी सम्पत् बन्धन का कारण होती है। उक्त विचार रविवासरीय गीता प्रवचन के क्रम में मालवीय भवन में मुख्य वक्ता पद से दिव्य चैतन्य ब्रह्मचारी ने व्यक्त किये। आचार्य ब्रह्मचारी ने कहा कि गीता का ज्ञान मनुष्य मात्र के लिए आवश्यक है। अतिथियों का स्वागत सचिव प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी ने किया। भजन की उपस्थापना संगीत एवं मंच कला संकाय के विद्यार्थियों ने किया। संचालन व धन्यवाद संयुक्त कुल सचिव डॉ. शरदिन्दु त्रिपाठी ने किया।

### रीबू को सपा महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर हर्ष

**रामनगर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव को बनाये जाने पर स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। रामपुर में रविवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैंट विधानसभा के निवर्तमान उपाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती और आगामी लोकसभा चुनावों में आशातीत सफलता मिलेगी। बैठक में पूर्व सभासद संजय यादव, आरती यादव, जवाहिर मौर्या, कृष्ण मोहन यादव, सुनील जायसवाल, डॉ. अजीत यादव, पूर्व सभासद अखिलेश यादव आदि थे।

### मकान कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के नवादा के रहने वाले रामचंद्र राय पुलिस ने जबरी मकान में कब्जा कर अस्थाई निर्माण कराने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। रामचंद्र राय का आरोप है कि उनके भवन में किराए पर पप्पू गोपाल, गोविंद मालती, राजू धर्मा उनके घर में किराए पर रहते हुए मकान को कब्जा करने की नियत से दुकान में अस्थाई निर्माण कराने लगे। जिस का विरोध करने पर सभी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के लिए तैयार हो गए। जिसकी शिकायत तत्काल पुलिस से करने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद भुक्तभोगी पुलिस कमिश्नर से मिलकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया था।

### लक्ष्मेश्वर शर्मा बने चुनाव अधिकारी

**रामनगर।** दी लायर्स एसोसिएशन की एक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष विध्नेश्ववर चौरसिया के अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व सम्मति से वार्षिक चुनाव कराने के लिए रामनगर रामपुर निवासी लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। लक्ष्मेश्वर शर्मा पूर्व में भी विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। रामनगर दी लायर्स एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर एक वर्ष के लिए चुनाव कराया जाएगा। बैठक के बाद सभी ने उन्हें बधाई दी। संचालन महामंत्री प्रशांत सिंह एडवोकेट ने किया।

### ऑटो ने बुलेट सवार को मारी टक्कर, घायल

मंडुवाडीह। महेशपुर निवासी अखिलेश त्रिपाठी अपने सगे भाई आशुतोष त्रिपाठी के साथ बुलेट से घर जा रहे थे। अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि महेशपुर ट्रांसपोर्ट एरिया में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने बुलेट में टक्कर मार दी। बुलेट अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिसमें आशुतोष त्रिपाठी घायल हो गए और पैर फ्रैक्चर हो गया।अखिलेश बाल-बाल बच गए।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को दैत्रावीर बाबा उमरहा के पास से चंदन चौहान पुत्र अर्जुन चौहान नामक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि बराई निवासी जाफर पास्को एक्ट के अभियुक्त था। न्यायालय वारंट पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### विनोद कुमार पाण्डेय और अनुज यादव का सम्मान

**वाराणसी।** विधिक पत्रकार एसोसिएशन की तरफ से सेंट्रल बार एसोसिएशन एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राधेलाल, संतोष सिंह व महफूज आलम ने यूपी बार कौंसिल के निर्वाचित सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय और फौजदारी अधिवक्ता अनुज यादव को अभिनंदन पत्र और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। ककरमत्ता स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मेराज फारुकी जुग्गन और संचालन घनश्याम मिश्र ने किया। कार्यक्रम में सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रभु नरायण पाण्डेय, बनारस बार अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह व महामंत्री प्रदीप रॉय, वीरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी के आलावा काफी संख्या में वकीलों ने शिरकत की।



वाराणसी, सोमवार, 6 फरवरी, 2023

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 1, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

11 सफलता के ग्यारह साल बेमिसाल

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सद्गुरु ने भक्ति संग कर्म साधना को दिया महत्व : सीएम योगी

## संत रविदास जयंती पर योगी आदित्यनाथ ने रविदास मंदिर में टेका मत्था



संत रविदास जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीरगोवर्द्धनपुर स्थित रविदास मंदिर में मत्था टेका और इस मौके पर संत निरंजन दास ने उन्हें संत रविदास का चित्र भेंट किया

### रविदास ने की थी भेदभावविहीन समाज की कल्पना : पीएम मोदी

संत रविदास मंदिर में रविवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत निरंजन दास की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। जिसमें पीएम ने लिखा था कि संत रविदासजी की 646वीं जयंती पर समस्त देशवासियों की ओर से उनको श्रद्धापूर्वक कोटि-कोटि नमन। इस अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम के बारे में जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है। संत रविदासजी के विचारों का विस्तार असीम है। उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक हैं। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। सामाजिक सुधार और समरसता के लिए वह आजीवन प्रयत्नशील रहे। वह कहते थे कि 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सभन को अन्न, छोट बड़ो सब समान बसे, रविदास रहे प्रसन्न।' समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए उन्होंने सौहार्द और भाईचारे की भावना पर बल दिया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के जिस मंत्र के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं, उसमें संत रविदासजी के न्याय, समानता और सेवा पर आधारित कालजयी विचारों का भाव पूरी तरह से समाहित है। आजादी के अमृत कालखंड में संत रविदासजी के मूल्यों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त समावेशी और भव्य राष्ट्र के निर्माण कि दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। सामूहिकता के सामर्थ्य के साथ उनके दिखाए गये रास्ते पर चलकर हम 21वीं सदी में भारत को निश्चय ही नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** संत रविदास की 646वीं जयंती पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीर गोवर्द्धनपुर स्थित मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को सद्गुरु रविदास की जयंती के मौके पर बधाइयां देते हुए कहा कि सद्गुरु ने भक्ति के साथ ही साथ हमेशा कर्म की साधना को महत्व दिया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहकर उन्होंने समाज को कर्म का बड़ा व्यापक संदेश दिया। सीएम ने इस मौके पर सद्गुरु निरंजन दास से भेंटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजा गया शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया।

### लगाई हाजिरी

**सीएम बोले : रविदास की सिद्धि के प्रसाद स्वरूप प्रशस्त हो रहा मानवता के कल्याण का मार्ग**

**श्रद्धालुओं और भक्तों को दी बधाई निरंजन दास को पढ़कर सुनाया पीएम का शुभकामना संदेश**

मुख्यमंत्री योगी हेलीकॉप्टर से सुबह करीब 9.30 बजे बीएचयू हेलीपैड पर उतरे। उसके बाद सीरगोवर्द्धपुर स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे। उनके आगमन को देखते हुए संबंधित आवागमन मार्गों समेत बीएचयू और लंका से मंदिर तक व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। मंदिर पहुंचने पर मुख्यद्वार पर मंदिर के स्वयंसेवकों ने योगी का सिर विशिष्ट रुमाल से सिर ढका। उसके बाद सीएम ने अंदर प्रवेश किया। इस अवसर पर योगी ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि यह बड़ा पावन दिन है। आज से 646 वर्ष पूर्व काशी की इस पावन धरा पर एक ऐसी दिव्य ज्योति का आविर्भाव हुआ जिन्होंने तत्कालीन भक्तिमार्ग के प्रख्यात संत सद्गुरु रामानंद महाराज के सानिध्य में अपनी तपस्या और साधना के जरिये सिद्धि प्राप्त की थी। आज उसी सिद्धि के प्रसाद स्वरूप मानवता के कल्याण का मार्ग किस तरह प्रशस्त हो रहा है यह हम सबको स्पष्ट दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले केंद्र व राज्य सरकार की ओर से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और सीर गोवर्द्धन से जुड़े सभी शुभचिंतकों के प्रति लख लख बधाई देता हूं। हम सब जानते हैं कि भक्ति के साथ ही साथ कर्मसाधना को सद्गुरु रविदास ने सदैव महत्व दिया। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहकर समाज को कर्म करने का संदेश दिया। इस मौके पर सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भेजा गया संदेश भी पढ़ा।




## यूपी में प्रीपेड मीटर लगाने का टेंडर रद्द, अडानी समूह को एक और झटका

**लखनऊ।** अदाणी समूह को हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगे वैश्विक झटकों के बीच उत्तर प्रदेश में भी जोरदार झटका लगा है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने कंपनी का स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का टेंडर निरस्त कर दिया है। इसकी लागत लगभग 5400 करोड़ है। इस टेंडर की दर अनुमानित लागत से करीब 48 से 65 प्रतिशत अधिक थी, जिसकी वजह से इसका शुरू से ही विरोध हो रहा था। अब पश्चिमांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल और डिस्कॉम के टेंडर पर भी नजरें टिकी हुई हैं। दक्षिणांचल में भी अडानी समूह का टेंडर है। प्रदेश में करीब 2.5 करोड़ प्रीपेट स्मार्ट मीटर लगने हैं। इनके लिए 25 हजार करोड़ के टेंडर हुए हैं। इसमें मैसर्स अदाणी पावर ट्रांसमिशन के अलावा जीएमआर व इनटेली स्मार्ट कंपनी ने टेंडर का पार्ट दो हासिल किया था। इन्हें कार्य करने का आदेश जारी होने वाला था, लेकिन इनके टेंडर की दर को लेकर विरोध होने लगा।






## जी 20 को लेकर निगम की तैयारियां तेज

**वाराणसी।** नगर निगम की ओर से जी-20 के लिए शहर में स्वच्छता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। साथ ही चौराहों व तिराहों पर आकर्षक लाइटों के साथ सजावट के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। जिसमें अन्य विभागों से सामन्जस्य स्थापीत किया जा रहा है। इसके लिए निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। भारत को जी-20 की मेजबानी मिलने के बाद से ही काशी को प्रमुखता देते हुए आयोजनों की तौयारियों के लिए आधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके लिए जनपद के सभी विभागों को लगाया गया है। इनमें खासकर निगम को शहर में सजावट और स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें सार्वजनिक यूरेनलों के साथ शौचालयों को जमकाने और लाइटों की सजावट के साथ वेंडिंग जोन को व्यवस्थित करने को प्राथमिकता दी गई है। वहीं घाटों की साफ-सफाई और वहां रोशनी की व्यवस्था किये जाने की तैयारी है।

# लखनऊ के लिए शटल को राजधानी देगी टक्कर

## निगम की ओर से संचालित राजधानी बसों का शुभारम्भ 15 से

**सुविधा**

**वाराणसी व चंदौली से सुबह 5:30 पर होगा संचालन, नॉन स्टॉप जायेगी लखनऊ**

**वाराणसी।** रेलवे को टक्कर देने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। अब वाराणसी से लखनऊ जाने के लिए वाराणसी कैंट से संचालित ट्रेन शटल की तर्ज पर निगम ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए राजधानी एक्सप्रेस (निगम के बस का नाम) का संचालन करने जा रही है। शटल की तर्ज पर राजधानी बस भी वाराणसी से लखनऊ की दूरी चार घंटे में पूरी करेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से वाराणसी रोडवेज बस स्टैंड से लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए कई श्रेणी की बसों का संचालन किया जाता है। जिनमें साधारण बस सहित जनरथ शामिल है। वाराणसी से लखनऊ तक फोर लेन बनने के बाद इस दूरी को कम करने के लिए वाराणसी परिक्षेत्र से राजधानी एक्सप्रेस (बस) को संचालित किया जायेगा। हर शहर से राजधानी को जोड़ने के उद्देश्य से ही इसकी शुरूआत की जा रही है।



### दस फीसदी किराया होगा ज्यादा

वाराणसी से लखनऊ राजधानी एक्सप्रेस से जाने वाले यात्रियों को सामान्य बसों के मुकाबले दस प्रतिशत किराया ज्यादा देना होगा। वाराणसी से छूटने के लखनऊ तक बीच में पड़ने वाले सभी शहरों के बाईपास से होकर गुजरेगी। इसलिए सिर्फ लखनऊ तक के ही यात्री इस बस में बैठ सकेंगे।

### ये होगा संचालन का समय

कैंट और चंदौली से बसों का समय कैंट रोडवेज से सुबह 5:30 बजे से राजधानी बस का संचालन होगा। इसके बाद सीधे वह दस बजे लखनऊ के आलमबाग बस रोडवेज पहुंचेगी। यह बस लखनऊ से शाम छह बजे चलकर रात 11 बजे कैंट रोडवेज आएगी। चंदौली डिपो से शाम 7 बजे चलकर बस कैंट रोडवेज रात नौ बजे आएगी। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि वाराणसी से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को इससे काफी सुविधा होगी।

### 15 से होगी संचालित

राजधानी एक्सप्रेस बस 15 फरवरी से वाराणसी परिक्षेत्र से संचालित होगी, पहले फेज में लगभग पांच बसें मिलने की उम्मीद वाराणसी रोडवेज प्रशासन की ओर से जतायी जा रही है। राजधानी एक्सप्रेस यात्रियों के सुविधा के लिए संचालित की जा रही जो वाराणसी से नॉन स्टॉफ लखनऊ तक पहुचायेगी। अभी तक निगम की साधारण बस से वाराणसी से लखनऊ की दूरी लगभग सात से आठ घंटे में पूरी की जाती है।

## संक्षेप

### हजरत अली जयंती जुलूस में उमड़ा हुजूम

**वाराणसी।** हजरत अली जयंती पर मैदागिन टाउन हॉल से हजरत अली जयंती पर रविवार को जुलूस मौलाना सैयद शमीम उल हसन की निगरानी में हाजी फरमान हैदर के संयोजन में मैदागिन से निकाला गया। जुलूस बुलानाला से होता हुआ नीचीबाग गुरुद्वारे पहुंचा। जहां गुरुद्वारा कमेटी के भाई महेंद्र सिंह भाई दलबीर सिंह लाल सिंह भाई जसवीर सिंह ने जुलूस का स्वागत किया। मौलाना जमील मौलाना वसीम मौलाना जावेद मौलाना यूसुफ मौलाना इकबाल आदि लोग शामिल थे जुलूस चौक चौराहे पहुंचा तो फरमान हैदर ने तकरीर की। जुलूस शेख सलीम फाटक काली महल पितरकुंडा होते हुए दरगाह फातमान पहुंचा। जुलूस में जहीर हैदर अब्बास रिजवी शफक अब्बास मुर्तजा शमशी जुलूस का संचालन करते हुए चल रहे थे। दरगाह फातमान पर सेमिनार का आयोजन हुआ सेमिनार की सदारत हजरत अली समिति के सदस्य मौलाना जमीर उल हसन ने की इस अवसर पर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्मों के लिए मुख्य रूप से प्रो विश्वम्भर नाथ मिश्र महंत संकटमोचन, भाई धर्मवीर सिंह, डेनिस फिलिप्स मसीही समाज डायरेक्टर मैत्री भवन कबीर मठ से लोगों ने अपने अपने विचार रखें।



### प्रो. रामकिशोर केंद्रीय संस्कृत विवि के विशेषज्ञ सदस्य

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं वेदांत विभाग के आचार्य प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के वित्तीय सहायता अनुदान समिति में उच्च स्तरीय समिति का विशेषज्ञ सदस्य बनाया गया। केंद्रीय योजनओ के निदेशक प्रो. आरसी मुरली कृष्ण ने बताया कि यह समिति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की यह वित्तीय सहायता के लिये सहायता अनुदान समिति के उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया, जो वर्ष 2022-23 के लिये संस्कृत शिक्षण, सम्मान राशि, व्यवसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिये कार्य करेगी। इस उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेडी हैं। इस अनुदान आयोग के वित्तीय समिति के उच्च स्तरीय समिति के विशेषज्ञ-सदस्य के रूप मे यहां के वेदांत विभाग के आचार्य एवं कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी को बनाया गया है।



### यूपी कॉलेज से निकली स्वच्छता जागरूकता रैली

तरना। उदय कॉलेज में रविवार को रोवर्स रेंजर के पांच दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरुकता अभियान, स्वच्छता जन-जागरूकता रैली निकाली गई। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डीके सिंह ने किया। रैली कालेज परिसर से आरंभ होकर, भोजूबीर स्थित राजर्षि प्रतिमा पहुंचकर वापस कालेज परिसर आकर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व प्रो. अंजू सिंह ने किया। रैली में छात्र -छात्राएं हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लिए नारा लगाते हुए चल रहे थे। संचालन रेंजर्स लीडर प्रो. अंजू सिंह और डॉ. अंकित सिंह ने किया।



### शराब के साथ एक को जीआरपी ने धरा

वाराणसी। कैंट जीआरपी रविवार को कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से एक युवक को 9.6 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी उपाधीक्षक वाराणसी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में संदिग्धों के प्रति चलाये जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 9.6 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान विष्णु पंचाल (22)पुत्र बोधन निवासी राजीव कालोनी फरीदाबाद हरियाणा के रुप में की गयी। बताया कि जांच में लगी जीआरपी टीम में गजबये आलम, नरेन्द्र तिवारी, अजीत सिंह शामिल रहें।



### कैंट स्टेशन पर बढ़ेगी शौचालय की संख्या

वाराणसी। स्वच्छ स्टेशन और यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर शौचालय की संख्या बढ़ाने की योजना है। पे - एंड यूज (व्यवसायिक) की तर्ज पर मुख्य परिसर में दो और शौचालय विकसित किए जाएंगे। स्थानीय प्रशासन की ओर से इस आशय का प्रस्ताव लखनऊ मंडल मुख्यालय भेज दिया गया है। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि यहां नि:शुल्क रूप से यूरिनल (मूत्रालय) की सुविधा मिलेगी। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद इस दिशा में कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### आज से अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा व्यापक अभियान

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा रविवार को अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के निर्देश पर पुलिस लाइन चौराहे से भोजूबीर होते हुए नटनिया दाई मंदिर तक सभी को अपने दुकान या मकान के आगे से अतिक्रमण को स्वत: हटाने को कहा गया। साथ ही बताया गया कि छह से 23 फरवरी तक प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

### इंदु चांडक अध्यक्ष, सुषमा महामंत्री चुनी गईं

वाराणसी। माहेश्वरी महिला संगठन वाराणसी का वर्ष 2023 का चुनाव आज महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में चुनाव अधिकारी श्रीमती भारती करवा व गिरिराज कोठारी की देखरेख में संपन्न हुआ! माहेश्वरी परिषद के पूर्व प्रचारमंत्री गौरव राठी के अनुसार इन्दू चाण्डक-अध्यक्ष, पद पर - सुषमा कोठारी-मंत्री, वीणा मूंदड़ा- कोषाध्यक्ष, मधु मल्ल-संगठन मंत्री पूनम सोमानी- उपाध्यक्ष , अनिता डागा-उपमंत्री, सुनीता राठी-प्रचार मंत्री, सुधा डागा, भावना लड्ढा- सांस्कृतिक मंत्री - सीमा गट्टानी, मीनू लड्ढा-बधाई संदेश-, राजकुमार कोठारी , मंजू झंवर-सलाहकार चुना गया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती ममता मूंदड़ा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मनायी संत रविदास की जयंती

रोहनिया। ग्रामीण क्षेत्र के वीरभानपुर, राजातालाब, टोडरपुर, मोहनसराय, मिल्कीचक, भीमचंडी, जख्खिनी, शाहंशाहपुर, नरोत्तमपुर, गोविंदपुर, बढ़ईनी, मातलदेई, गंगापुर, बैरवन, बसंतपट्टी, जगतपुर, दरेखु, रोहनिया, अमरा, अखरी,बच्छाव,काशीपुर इत्यादि गांव के हरिजन बस्ती में संत रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। कुछ जगहों पर झांकियां भी निकाली गई झांकियां मुख्य मार्गो से होते हुए सीररविदास गेट तक गया। चौबेपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से झांकी निकाली गई। लोहता संवाददाता के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के महमूदपुर गांव से रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालू हाथी पर संत रविदास की झांकी निकाली गई। भक्त ढोल नगाड़े व डीजे पर झूमते नजर आए।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी 11 से



**वाराणसी।** अखिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रो. उदयन ने कहा कि 11-12 फरवरी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जा रही है, इसमें सभी राज्यों के अध्यक्ष, मंत्री व उनके द्वारा नामित सदस्य प्रतिभाग करेंगे। उदय प्रताप डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र ने कहा कि 12 को पूर्वी उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के मध्य नई शिक्षा नीति की चुनौतियों के विषय पर विमर्श होगा और उस विमर्श का प्रतिवेदन केंद्र और राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इस अवसर पर प्रो. दिवाकर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जेपी सिंघल (पूर्व कुलपति, जयपुर विश्वविद्यालय) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय प्रभारी उच्च शिक्षा महेंद्र कुमार के साथ प्रदेश संयुक्त मंत्री व जिला अध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, प्रो. विजय कुमार राय, प्रो. नरेंद्र राय, प्रो. सुधीर शाही, प्रो. उपेंद्र, डॉ. उमाकांत, डॉ. अमिताभ, डॉ. अविनाश, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. गोविंद, डॉ. अभिषेक, डॉ. सुरेश चंद्र, सत्य प्रकाश पाल, प्रभात भृगुवंशी और अनिल सिंह आदि शामिल रहे।

## डॉ आशुतोष बने रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**वाराणसी।** रोटरी मण्डल 3120 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रुप में वरिष्ठ चिकित्सक रोटेरिय डॉ. आशुतोष अग्रवाल को चुना गया। मण्डल अधिवेशन 25-26 के चुनाव में वाराणसी के वरिष्ठ चिकित्सक और रोटरी क्लब वाराणसी एलीट के पूर्व अध्यक्ष तथा रोटरी बनारस के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर नंदलाल अग्रवाल के सुपुत्र डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लखनऊ के अजय सक्सेना को बड़े अंतर से पराजित कर जीत का सेहरा अपने नाम किया। इस जीत से मण्डल 3120 के सभी क्लबों में खुशी का माहौल है। वाराणसी के सभी रोटेरियन्स ने डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा है कि सत्र 25-26 उनके द्वारा किये गए अच्छे कार्यो से रोटरी के इतिहास में अमिट छाप छोड़ेगा। मुख्य रुप से हरिमोहन शाह, बी डी गुजराती, उत्तम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुनील बंसल आशुतोष द्विवेदी, रविशंकर सिंह तथा रोटरी क्लब वाराणसी ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ,के.के.गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, आर्किटेक्ट रोहित गुप्ता ने नव निर्वाचित गवर्नर को बधाई दिया।

# लाइब्रेरी क्रेडिट कोर सिस्टम की दरकार

**बोले डॉ. किशोर सतपथी**

**पुस्तकालय संसाधनों के लोकतांत्रिकरण किये जाने पर बल**



**वाराणसी।** पार्श्वनाथ विद्यापीठ काहिविवि का मान्य बाह्य शोध संस्थान) में राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) कोलकाता की ओर से प्रायोजित द्वि- दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी के समापन सत्र के मुख्य के अतिथि भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ.किशोर चंद सतपति ने बताया कि आज पुस्तकालय में पुस्तकालय कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए और हमारे युवाओं को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए एक नए सिस्टम लाइब्रेरी क्रेडिट कोर की आवश्यकता बतायी। उन्होंने आज के परिवेश में पुस्तकालयों के संसाधनों का जन-जन तक पहुंचाने के लिए संसाधनों के लोकतांत्रिककरण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. डीके. सिंह ने की। उन्होंने अध्यक्षीय उद्बोधन में पुस्तकालयों की वास्तविक समस्याओं की चर्चा की। राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रतिवेदन डॉ राम कुमार दांगी ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का परिचय डॉ.ओम प्रकाश सिंह ने एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ संजीव सराफ ने किया।

संगोष्ठी में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्रों एवं पेनल डिस्कशन में देश के जाने माने पुस्तकालय विशेषज्ञों ने सहभागिता की. जिनमें प्रमुख रूप से तिब्बेतन उच्च शिक्षा केंद्रीय संस्थान सारनाथ से डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से डॉ.नीलम थापा, बीएचयू के डॉ राजेश सिंह, श्रुतिलाल, डॉ प्रवीण सिंह, ईंक मीडिया महाविद्यालय माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से डॉ आशीष द्विवेदी, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से डॉ.एसपी.शुक्ल, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से डॉ शरद सोनकर आदि उपस्थित थे।

# 2024 में बेरोजगारी, अराजकता व महंगाई ही होंगे हथियार

जनसंदेश न्यूज

**पत्रकार-वार्ता**

**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी बोले : पार्टी में नहीं है कोई उठा-पटक, सब मिलकर लड़ेंगे लोस चुनाव**

**संकेतों में कहा : सब चाहते हैं कि संत रविदास के अनुयायियों को अपने पक्ष में कर लें, जननायक बने राहुल गांधी**

**वाराणसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, अराजकता और महंगाई के मुद्दे ही हमारे हथियार होंगे। पार्टी में किसी भी प्रकार की अंदरूनी उठा-पटक नहीं है। सब मिलकर काम कर रहे हैं और एकजुटता संग किये जा रहे काम ही आगामी इलेक्शन में संगठन को अंजाम तक पहुंचाएगा। कांग्रेस की विचारधारा संत रविदास से अलग नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि जब पशु-पक्षी और पेड़-पौधों की गिनती होती है तो जातिगत जनगणना भी कराए।

मैदागिन स्थित पार्टी दफ्तर में रविवार को आयोजित पत्रकार-वार्ता के दौरान श्री खाबरी मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने संकेतों में आरोप लगाया कि सब चाहते कि संत रविदास के अनुयायियों को अपने पक्ष में कर लें। वर्तमान में रविदास के संदेशों का अनुसरण नहीं किया जा रहा है। तमाम राजनीतिक दल जाति, धर्म और समुदाय के नाम पर नफरत फैला रहे हैं। देश-प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है। इन मुद्दों को जब राहुल गांधी ने सदन में रखा तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। सो, वह 'भारत जोड़ो' यात्रा के जरिये सड़कों पर उतरकर सर्वधर्म समभाव के साथ सबसे मिले और जननायक बन गये। वह देश को एकता के सूत्र में पिरोने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में श्री खाबरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की एकता की बात कर रही है लेकिन सरकार लाभ में चलने वाले सरकारी संस्थानों को बेच रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि 2024 तक अडाणी समेत तमाम लोग देश छोड़कर भागने की तैयारी में हैं और उनको भगाने की कोशिश भी हो सकती है।


उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आने पर माल्या जैसे लोगों को देश में वापस लाने का आश्वासन दिया जाता है लेकिन अबतक इस दिशा में कुछ नहीं किया गया। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान को अपना आदर्श माना है। प्रेसवार्ता में प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय, राजेश्वर पटेल, राघवेंद्र चौबे, दुर्गा प्रसाद गुप्त, सीताराम केसरी, डॉ. राजेश गुप्ता, फसाहत हुसैन बाबू, देवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. नृपेंद्र नारायण सिंह, संजीव सिंह, कमलेश ओझा, मकसूद खान, प्रो. क्षेमेंद्रमणि त्रिपाठी आदि भी थे।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने रविवार को मैदागिन स्थित पार्टी दफ्तर में पत्रकार वार्ता की

## श्याम मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**वाराणसी।** श्री श्याम मंडल ट्रस्ट व श्री श्याम मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 29 वां श्री श्याम मंदिर स्थापना उत्सव लक्सा स्थित श्याम मंदिर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। खाटू श्याम की सुगंधित फूल मालाओं से अलौकिक झांकी सजाई गई थी। खाटू श्याम के बाद वाराणसी में दूसरा स्वर्ण जड़ित मंदिर बना । स्वर्ण जड़ित मंडप में लीलाधर विराजमान हुए प्रभु का दर्शन करने को भक्तों की भारी भीड़ रही सायंकाल कलाकारों ने भजन संध्या में एक से एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। दिल्ली से आई भजन गायिका रितु पांचाल ने भजनों की रसधार की प्रभावित किया। स्थानीय कलाकारों में राजेश तुलस्यान, मदन मोहन पोद्दार, संदीप चांडक, संदीप शर्मा कानू बैजनाथ भालोटिया विजय अग्रवाल सुरेश तुलस्यान श्यामसुंदर गाडोदिया चंदन तोदी अजय खेमका पंकज तोदी अशोक कानोड़िया राकेश अग्रवाल ने भक्तों को भजन सुनाया।



# माघी पूर्णिमा पर लाखों भक्तों ने गंगा में लगायी डुबकी

**किया स्नान**

**गंगा घाटों पर सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा स्नान व दान**

**सर्वाधिक भीड़ दशाश्वमेधघाट व अन्य घाटों पर रही**

**वाराणसी।** माघी पूर्णिमा पर रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी। गंगा घाटों पर प्रातःकाल से लेकर अपराह्न तक स्नान चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य के अनुसार घाटों पर दान-पुण्य भी किया। माघी पूर्णिमा को लेकर घाटों पर भीड़ कुछ ज्यादा ही रही। हर कोई गंगा में डुबकी लगा कर पुण्य का भागी बनता चाहता था। प्रातःकाल होते ही गंगा घाटों पर स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया। इनमें स्थानीय के अलावा दूर दराज से आये श्रद्धालु भी शामिल थे। सर्वाधिक भीड़ दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट, मान मंदिर, अस्सी, तुलसीघाट, गायघाट, त्रिलोचन घाट, पंचगंगा घाट, राजघाट, प्रहलाद घाट, भैंसासुर घाट पर रही। घाटों पर अनवरत स्नान व दान-पुण्य चलता रहा। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक जो लोग माघ मास में किसी दिन भी गंगा स्नान नहीं कर पाते हैं वह यदि माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर लें तो उन्हें एक माह का गंगा स्नान करने का पुण्य मिल जाता है। यही वजह थी कि गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी।



घाटों पर स्नान करने वालों की उमड़ी भीड़

# ठप आरओबी निर्माण पर अच्छे माहौल में हुई बैठक

**मीटिंग**

**बाबतपुर के प्रोजेक्ट में मुआवजे को लेकर अफसरों और गंगापुर के किसानों के बीच पुनः हुई बातचीत**

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** बाबतपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन लेकिन ठप चल रहे आरओबी का कार्य जल्द शुरु कराने के लिए रविवार की शाम पुलिस-प्रशासन और किसानों ने बैठक कर बातचीत की। सकारात्मक माहौल में हुई इस मीटिंग पर संभावना व्यक्त की जा रही है कि आरओबी का अवशेष कार्य शीघ्र आरंभ हो सकता है। लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आरओबी को गंगापुर के किसानों ने मुआवजे की मांग करते हुए कार्य रुकवा दिया था। समस्या के समाधान के लिए अफसर बीते तीन महीने से प्रयास कर रहे हैं। उस बीच किसानों संग कई दौर की बातचीत भी की। लेकिन रविवार को हुई बैठक के बाद परियोजना के मूर्त रूप लेने की उम्मीद बढ़ गयी है। मीटिंग के दौरान किसान मुआवजे के मुद्दे पर लिखित रूप से आश्वासन मांग रहे हैं। तहसीलदार विकास पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया गया है। इस मौके पर श्री पांडेय के अलावा एसीपी अमित कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, किसान कृपाशंकर सिंह, मुन्नू सिंह, बनवारी गुप्ता, श्याम बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह, अजय सिंह, धीरज सिंह, जोखू जायसवाल आदि रहे।



बाबतपुर में निर्माणाधीन आरओबी का अवशेष कार्य आरंभ कराने के लिए एकबार फिर रविवार को किसानों और अधिकारियों के बीच बैठक हुई

## महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप 15 मार्च से



**वाराणसी।** वाराणसी में पहली बार राष्ट्रीय सनियर महिला हैंडबालॅल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, आगामी 15 मार्च से आयोजित होने 51वें प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार वाराणसी कर रहा है। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले केराकतपुर लोहता स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल करेगा। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पांडेय ने बताया कि यह मुकाबला 34 राज्यो के बीच होगी। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अध्यक्षता आयुष राज्यमंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र करेंगे। मुख्यसंरक्षक के रुप में महिला मोर्चा बीजेपी उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चंद उपस्थित रहेंगी। लीग कम आउट के आधार पर होने वाली इस प्रतियोगिता के बारे में वाराणसी हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था वाराणसी पब्लि स्कूल में ही की गयी है।

# कभी सुगम, कभी दुर्गम रास्तों से गुजरा सफर

## 11 साल बेमिसाल

यात्रा किसी की हो, कैसी भी हो, कभी आसान नहीं होती, खासकर पत्रकारिता की यात्रा तो तमाम मुश्किलों और चुनौतियों से भरी होती है। ऊपर से जितनी सुगम, अंदर से उतनी ही खुरदरी। लक्ष्य और दायित्व के बीच संतुलन बनाते आगे बढ़ना आसान नहीं। हर कदम पर एक नई परीक्षा प्रतीक्षारत रहती है। आमतौर पर किसी परीक्षा में परीक्षार्थी अनगिनत होते हैं पर परीक्षक एक। लेकिन पत्रकारिता ऐसी परीक्षा है जिसमें परीक्षक अनगिनत होते हैं और रोजाना उनकी जांच परख से होकर गुजरना पड़ता है। सबकी कसौटी अलग-अलग, इन सब पर खरा उतरना सबसे बड़ी जिम्मेदारी। आज आप सभी शुभेच्छुओं से यह कहते हुए हर्ष और सन्तोष मिश्रित गर्व का अनुभव हो रहा है कि 'जनसंदेश टाइम्स' अपनी 11 वर्षों की यात्रा में आपके स्नेह और सहयोग से परीक्षा की हर चुनौतियों का सामना करते हुए आपकी कसौटी पर खरा उतरता रहा। एक दशक से भी अधिक की इस यात्रा में हमने अपना सम्बल बनाया - सवाल, संवाद और सरोकार को। जनसंदेश परिवार का सदैव मानना रहा कि पत्रकारिता की बुनियाद है सवाल , संवाद और जनसरोकार । इसके बिना किसी जिंदा , सभ्य और लोकतांत्रिक समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। जन सरोकार के सवाल ही किसी व्यवस्था को जवाबदेह बनाते हैं और संवाद से तय होती है जांच परख की राह। लेकिन इन सबके बीच खुद को किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त रखते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ तथ्यपरक विश्लेषण ही समाज के लैम्पपोस्ट का काम करता है जिसकी रोशनी में कोई भी व्यवस्था अपनी लोककल्याण की नीति और कार्यक्रम तय कर सकती है।



प्रदीप कुमार, सम्पादक

यह कहने में हमें कोई गुरेज नहीं कि 'जनसंदेश टाइम्स' ने उन मुद्दों और सवालों से कभी परहेज नहीं किया जो आम आदमी की जिंदगी के नफा-नुकसान से जुड़े रहे। हमने न सिर्फ उन्हें ईमानदारी से उठाया बल्कि समाधान तक पहुंचाने का पूरा प्रयास भी किया। इसमें मिली सफलता अथवा असफलता कभी हमारी बेड़ी नहीं बनी। कामयाबी पर न कभी इतराये और नाकामी पर न कभी मायूस हुए। समभाव से आगे बढ़ते रहे। हर आपदा को हमने चुनौती के रूप में लिया और उसका सामना किया। दुनिया में आर्थिक बदलाव की आंधी और सूचना के क्षेत्र में तकनीकी क्रांति के चलते समूचा मीडिया जगत जहां प्रोफेशनलिज्म का पहाड़ बन गया, वहीं मिशन की पत्रकारिता को अपनी नन्ही हथेलियों से थामे रखने की हमारी कोशिश आज भी जारी है । मिशन शोषित , पीड़ित और वंचित समाज की आवाज बने रहने का , मिशन सर्वधर्म समभाव का, मिशन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का , मिशन किसी किस्म के भेदभाव के खिलाफ जागरूकता का , मिशन स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का। इसी मिशन ने सूचना माध्यमों की इस भीड़ में अपनी अलग और खास पहचान बनाये रखने की जिजीविषा को कायम रखा है। हमें यकीन है कि आपके सहयोग और स्नेह के सहारे हम न सिर्फ भविष्य की कारगर भूमिका निर्धारित करने में सफल होंगे बल्कि अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेंगे। हमारा संकल्प है एक भरोसेमंद डाकिया की भूमिका निभाने की । ऐसा डाकिया, जिसका आपसे सीधा रिश्ता हो , जो सबकी खबर ले और सबकी खबर दे और खबर भी ऐसी, जो सच की आंच में परखी गयी हो ।

## दुकानों पर जमकर खरीदारी

सीरगोवर्धनपुर में रविदास जयंती पर दुकानों पर जम कर खरीदारी हुई। सर्वाधिक भीड़ सौंदर्य प्रसाधन व फोटो फ्रेमिंग की दुकानों पर रही। दूर दराज से आये लोगों ने साड़ियों के अलावा कंगन व जरुरत की सामानों को खरीदा। सर्वाधिक बिक्री संत गुरु रविदास के चित्रों व फोटो फ्रेमिंग की हुई। इसके अलावा गुरु रविदास का लाकेट, माला की भी खरीदारी चलती रही। खानपान की दुकानों पर भी काफी भीड़भाड़ रही। मेले में स्टाल लगाकर कहीं संत रविदास की अमृतवाणी तो कहीं संत रामानंद पर लिखी सुखसागर पुस्तक बांटी जा रही थी । मेले में लोग खरीदारी और सेल्फी लेते नजर आये। संत की जन्मस्थली पर पिछले पांच सालों से आ रही हालैंड की दो बहनें चरन और हरप्रीत संत रविदास की वाणी और रविदासिया धर्म का कई देशों में प्रचार प्रसार कर रही हैं । इनकी मां किरन ने बताया कि वह 14 वर्ष से हर बार जयंती पर आती हैं ।







# सीरगोवर्धन में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

## गुरु के चरणों में शीश नवाने को लगी रहीं कतारें

**रविदास जयंती**

### जयगुरुदेव से गूंजता रहा सीरगोवर्धनपुर का इलाका

### महिला-पुरुष व बच्चों का उमड़ा रहा सैलाब

**वाराणसी।** संत गुरु रविदास की जयंती पर रविवार को गुरु रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में गुरु रविदास के चरणों में शीश नवाने के लिए श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास के चरणों में शीश नवाया। गुरु के चरणों में मत्था टेकने के लिए मंदिर के बाहर अनुयायियों की लंबी कतारें लगी रहीं। इनमें देश-विदेश से आये गुरु रविदास के अनुयायी शामिल थे। गुरु रविदास जयंती पर सीरगोवर्धनपुर का पूरा इलाका भारी उद्घोष से गूंजता रहा। क्या महिला क्या पुरुष क्या बच्चे सभी एक ही रंग में डूबे रहे। संत रविदास की जयंती पर सीरगोवर्धनपुर में अलग ही उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर सीर गोवर्धनपुर में करीब तीन से चार लाख भक्त पहुंचे थे। यहां पंजाब से लेकर विदेशों तक के रैदासी यहां पहुंचे थे। जयंती में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु संत शिरोमणि के दर्शन के लिए भोर से ही कतार लगाए रहे । दर्शन पूजन का सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा । लंगर के लिए दिन रात कतारें लगी रही । संत की जन्मस्थली पर आने वाले भक्त सेवादार के रूप में सफाई से लेकर सुरक्षा और अन्य व्यवस्था में लगे रहे ।

सीरगोवर्धन में विभिन्न प्रांतों की लोक कला भी निखर रही थी। मंदिर से लेकर पंडालों तक संगत गुरु की धुनी रमा रही और भक्ति में मगन रहे। सीर गोवर्धनपुर में पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली समेत अन्य प्रांतों के अनुयायी गुरु के चरण रज पाने आए हुए थे। रविवार को सुबह से ही अनुयायियों का उत्साह देखने लायक था। अनुयायी नाचते गाते उत्साह के साथ संत रविदास की जयंती में मगन दिखे। उधर, लंगर छकने के बाद कुछ आराम फरमाते दिखे तो पंजाब के जालंधर व हरियाणा के करनाल जिले की टोली जम कर लंगर करती नजर आयी।

**सत्संग में संतों ने किया भजन कीर्तन**

संत रविदास जयंती पर देश विदेश से आये श्रद्धालुओं और कलाकारों की तरफ से सत्संग पंडाल में भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रवचन का आयोजन किया गया। मंच का संचालन कर रहे रविदासिया धर्म के उपाध्यक्ष और संत मनदीप दास ने चलो बनारस साधु संगत जी एक इतिहास रचाना है। गुरु रविदास के मंदिर को सोने से मढ़ाना है पर खूब दान की बरसात हुई । सत्संग पंडाल में संत निरंजन दास , संत मनदीप दास ,संत परगट नाथ ,संत लेखराज , संत प्रीतम दास , संत सुमित्र दास ,संत धनपत दास ,संत रौशनी दास सहित काफी संत रहे।

## रविदास मंदिर राजघाट में उमड़े हजारों श्रद्धालु

वाराणसी। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर राजघाट स्थित गुरु रविदास मंदिर में देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में गुरु रविदास की चरणों में शीश नवाया। रविवार को सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में दर्शन करने का क्रम चलता रहा। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर दी रविदास स्मारक सोसाइटी काशी की ओर से रविदास मंदिर राजघाट में विशाल भंडारे भजन संकीर्तन एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ भंडारे में देर रात तक देश भर से आए हुए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। आयोजन में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने सर्वप्रथम मंदिर के संस्थापक बाबू जगजीवन राम को पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी । तत्पश्चात मंदिर में स्थित गुरु रविदास जी की विधिवत पूजन अर्चन की । इस अवसर पर गोष्ठी भी हुई। गोष्ठी में मीरा कुमार ने कहा गुरु रविदास ने कुरीतियों के कैद खाने को ढहाया और उजास दिखाया । इस अवसर पर कवि डॉ जय शंकर जय ने अपनी पुस्तक संत रविदास जीवन परिचय एवं सामाजिक सरोकार मीरा कुमार को भेंट किया। इसके साथ ही काशी के प्रमुख साहित्यकार डा. गौरीशंकर गुप्त की लिखित कई पुस्तकों को उनके पुत्र चन्द्रशेखर चंदू अग्रवाल ने भी मीरा कुमार को भेंट किया। इस मौके पर मंजुल कुमार रतनलाल भगत डॉ अंशुल अभिजीत डॉ.भगवंती सिंह प्रो. विजय प्रताप सिंह प्रज्ञा सिंह गोरखनाथ श्रीमती शालिनी यादव रमेश गुप्ता आदि लोग मौजूद थे। संयोजन एवं संचालन महासचिव सतीश कुमार उर्फ फगुनी राम ने किया।



## रविदास जयंती पर मैदागिन से निकलीं आकर्षक झांकियां

**वाराणसी।** संत रविदास जयंती पर रविवार को सायंकाल मैदागिन से गाजे-बाजे संग कई आकर्षक झांकियां निकाली गई। हर झांकियों में संत रविदास के आकर्षक चित्र सजाये गये थे। संत रविदास की जय के भारी उद्घोष के साथ झांकिया निकाली गई। इसमें शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी आये लोग शामिल थे। यह शोभायात्रा मैदागिन से प्रारंभ होकर चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, सोनारपुरा, शिवाला, लंका होती हुई सीरगोवर्धनपुर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल थे।



## सिलेंडर में अचानक लगी आग, बड़ा हादसा टला

वाराणसी। रविदास जयंती मेला क्षेत्र में रविवार की सुबह चाय की दुकान पर रखे सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड की टीम के साथ सेवादारों की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चाय की दुकान फैज चलाते हैं। फैज ने बताया कि दुकान में सिलेंडर रखा हुआ था। उसमें अचानक गैस लीकेज होने लगी। इसकी वजह से आग लग गई। देखते ही देखते सिलेंडर धूं-धूं कर जलने लगा और आग की लपटों से घिर गया। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

## भीम आर्मी चीफ चन्द्रशेखर आजाद ने मत्था टेका

वाराणसी।भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद भी रविदास मंदिर पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद ने संत निरंजन दास का आशीर्वाद लिया और जन्मस्थली पर पहुंचे लोगों को मंगलकामना दी। चंद्रशेखर आजाद ने कौम को एकजुट करके रहने की अपील की। जय भीम जय भारत सदगुरु रविदास शक्ति अमर रहे के नारे लगाने के बाद कहा कि पूरी दुनिया जयंती मना रही है। हमें गर्व होना चाहिए हम उनके बच्चे हैं।

## संत रविदास ने की पूरी मानवता के उत्थान की बात : बृजलाल खाबरी

**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने रविवार को सीरगोवर्द्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में मत्था टेककर सूबे की जनता की खुशहाली की कामना की। उसके बाद सतसंग स्थल पर बने मंच पर संत निरंजन दास ने उन्हें अंगवस्त्रम के साथ आशीर्वाद दिया। श्री खाबरी ने पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय व अन्य सहयोगियों के साथ मंदिर में लंगर भी चखा। इस मौके पर श्री खाबरी ने कहा कि महान संत रैदास ने अपने जीवन का काल में सामाजिक रूढ़ियों, वर्जनाओं और कुप्रथाओं के खिलाफ संघर्ष किया। उनकी रचनाओं में हम इसको ध्वनित होते हुए महसूस कर सकते हैं। जब भी मैं संत रैदास को पढ़ता हूं, मुझे उनकी वाणी से आत्म परिष्कार मिलता है। मध्यकाल में काशी से समूचे विश्व को ज्ञान का दीपक दिखाने वाले दो महान निर्गुनिया संत कबीर और रैदास ने समूची मानवता के उत्थान की बात कही। उनकी रचनाएं आने वाले हजारों साल तक पीढ़ियों को मार्गदर्शन करती रहेंगी। संत रैदास की शिक्षा और उनके आदर्शों पर चलकर ही हम उनके बेगमपुरा को हकीकत में उतार सकते हैं। यही वर्तमान की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। संत रैदास को पढ़ने से ज्यादा उनकी वचनों को अपने जीवन में ढालने और उस पर चलने का की जरूरत है। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, दुर्गा प्रसाद गुप्त, देवेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश ओझा, मकसूद खान, प्रमोद वर्मा एवं डॉ. नृपेंद्र नारायण सिंह भी थे।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर 14 फरवरी को

**वाराणसी।** दिव्यांग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से राजस्थान उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान की ओर से किये जा रहे दिव्यांग सेवा वाराणसी में भी दिव्यांगों को लाभान्वित करेगी। 14 फरवरी को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ शिक्षा मंडल में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एक शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें लोगों को कृत्रिम अंग लगाये जायेंगे। नारायण रेकी सत्संग परिवार और मारवाड़ी युवा मंच वरुणा शाखा द्वारा लगाये जा रहे इस शिविर में उदयपुर राजस्थान के नारायण सेवा संस्थान से आए डॉक्टरों की टीम द्वारा 14 फरवरी को दिव्यांगों में निःशुल्क कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे। संस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि प्रथम शिविर में दिव्यांग जनों के आवश्यकता अनुसार हाथ एवं पैर के मापन का कार्य उदयपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए 7398224774 /9415223003 पर पंजीकरण कराया जा सकता है।




























जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले






रिटेल डायरेक्टरी








## जनसंपादकीय

# सलाम ! सावित्री बाई !!

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



जीवन में विषमताएं थीं, उन्होंने साहसपूर्वक उनका सामना किया। जीवन में अवरोध थे, उन्होंने धैर्यपूर्वक उन्हें लांघ कर अपना रास्ता बनाया। जीवन में संघर्ष था, उन्होंने जिद और जुनूं से उसे सेवा के प्रकल्प में बदल डाला। ज्योतिबा फुले से अल्पायु में ब्याही गयी सावित्री बाई सही अर्थों में उनकी संगिनी सिद्ध हुईं। उन्होंने त्याग, समर्पण और संकल्प से फलक पर सर्वथा नयी इबारते लिखीं और नजीर बनकर उभरीं। पति के साथ उन्होंने देश में पहली कन्या पाठशाला खोली। पहली शिक्षिका बनीं। नवाचार उनके रक्त में था। अपनी क्रांतिधर्मिता से उन्होंने अपने समय को रोशन किया और अपने पीछे चमकीला विरसा छोड़ा।

सावित्री बाई का जन्म 3 जनवरी, सन् 1831 को बांबे प्रेसीडेंसी के सतारा जिले के नैगांव में हुआ था। पुणे से 50 किमी दूर स्थित गांव में जनमी सावित्री बाई लक्ष्मी और खंडोजी नेवासे पाटिल की सबसे छोटी बेटी थी। उसका विवाह सन् 1840 में नौ वर्ष की वय में 13 वर्षीय ज्योतिराव फुले से हुआ, जो सजातीय माली समुदाय के थे। फुले दंपत्ति निस्संतान रहे। कहा जाता है कि उन्होंने विधवा ब्राह्मणी की संतान यशवंतराव को गोद ले लिया था। विधवा पुत्र होने से जब उसके विवाह में अड़चनें आईं तब सावित्री ने उसका ब्याह संगठन से जुड़े ज्ञानोबा की बेटी से फरवरी 1889 में कराकर अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। वस्तुतः सावित्री की जिंदगी ससुराल जाते ही बदल गयी थी। ज्योतिराव की प्रकृति और प्रवृत्ति दशा भिन्न थी। उसने सावित्री को देखते देखते नये सांचे में ढाल दिया।

सावित्री बाई का जब विवाह हुआ, तब वह निरक्षर थी। उसने किसी पाठशाला का मुंह न देखआ था। पति ज्योतिबा ने उसे और उसकी मौसेरी बहन सगुना बाई को अक्षर ज्ञान कराया और प्राथमिक शिक्षा दी। अब सावित्री के भीतर ज्ञान की पिपासा जाग उठी थी। अब यह ज्योतिबा के मित्रों सखाराम यशवंतराव परांजपे और केशव शिवराम भवलकर की जिम्मेदारी थी कि सावित्री आगे कैसे पढ़े? चाह ने राह खोली। सावित्री ने दो संस्थानों में दाखिला लिया। इनमें पहला था अमेरिकी मिशनरी सिंधिया फरार द्वारा अहमदनगर में संचालित केन्द्र और दूसरा था नार्मल स्कूल, पुणे का पाठ्यक्रम। इन कोर्सों के बाद सावित्री शिक्षिका थी, भारत की पहली महिला शिक्षक। अब वह शिक्षा के विस्तृत प्रांगण में थी। उनसे पुणे में महारवाड़ा में कन्याओं को पढ़ाना शुरू किया लेकिन यह फकत इब्तिदा थी। सावित्री, सगुना और ज्योतिबा की त्रयी पर समाज सुधार का जुनूं तारी था। उन्होंने पुणे में ही भिड़े वाड़ा में पाठशाला की स्थापना की। भिड़े वाड़ा तात्यासाहेब भिड़े का ठिकाना था। तात्यासाहेब त्रयी के क्रांतिकारी संकल्प से प्रभावित थे। स्कूल के पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान और समाजशास्त्र के पाश्चात्य पाठ्यक्रमों का समावेश था और पाठ्य-पद्धति भी सरकारी स्कूलों से भिन्न व बेहतर थी। सन् 1841 में फुले दंपत्ति पुणे में तीन कन्या शालाओं को संचालित कर रहे थे और वहां छात्राओं की संख्या लगभग 150 थी और यह संख्या सरकारी स्कूलों में दाखिल छात्रों की संख्या से कहीं ज्यादा थी।

त्रयी की सफलता रोड़ों की संदर्भिका बनी। पुणे के अभिजात्य को दलितों का यह 'उजला उपक्रम' रास नहीं आया। विरोध लांछनों तक सीमित न रहे। सावित्री बाई घर से शाला तक जाती तो अतिरिक्त साड़ी लेकर जाती। क्योंकि रास्ते में उन्हें फब्तियों के साथ-साथ पत्थरों और गोबर के प्रहारों का भी सामना करना होता था। अवरोधों का यहीं अंत न था। अभी तक सावित्री-ज्योतिबा पिता के घर रह रहे थे। बेटे-बहू का कार्य मनु-स्मृति और संहिताओं का उल्लंघन था, पातक था। अतः गोविंदराव फुले ने सन् 1849 में पुत्र और पुत्र वधू को घर छोड़ने का हुक्म सुना दिया।

पिता का फर्मान और पुणे के भद्रलोक का तीखा विरोध फुले-युगल को खुले आसमानतले रात बितानी पड़ती, लेकिन ऐसी नौबत न आई। ज्योतिबा के मित्र उस्मान शेख ने अपने घर पर युवा दंपत्ति को शरण दी। वहीं सावित्री बाई की भेंट उस्मान की बहन फातिमा बेगम शेख से हुई। यह भेंट दोनों के दरम्यां आजीवन संबंधों की हेतु बनी। बिना फातिमा शेख के उल्लेख के फुले-दंपत्ति या सावित्री बाई की कोई भी गाथा अधूरी है। सावित्री बाई की कामयाबी में फातिमा के योगदान की केंद्रीय भूमिका है। सन् 1849 में पहली कन्या पाठशाला की स्थापना फातिमा के घर पर हुई, जहां प्रथम महिला शिक्षक सावित्री और प्रथम मुस्लिम शिक्षिका फातिमा ने अंत्यज-कन्याओं को पढ़ाने का क्रम प्रारंभ किया। अगले ही वर्ष सन् 1850 में फुले-दंपत्ति ने निम्न जातियों में शैक्षिक क्रांति के लिए दो ट्रस्टों की स्थापना की और एक-एख कर 18 स्कूल खोले। उन्होंने हत्या प्रतिबंधक गृह भी खोला।

सावित्री बाई के साहसिक कृत्यों का क्रम यहीं समाप्त नहीं हुआ। सन् 1897 में जब बूबोनिक हैजे से विश्वव्यापी महामारी फैली तो उसने अपने दत्तक पुत्र यशवंत के सहयोग से हैजा पीड़ितों के इलाज के लिए नालासोपारा इलाके में एक क्लीनिक खोला। यह ज्ञात होने पर कि मुंधवा में महार बस्ती में पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा प्लेग-ग्रस्त हो गया है, सावित्री बाई वहां पहुंचीं और युवक को पीठ पर लादकर पुणे के उपांत्य में स्थित अफने क्लीनिक के लिए रवाना हो गईं। इस क्रम में वह स्वयं हैजे की शिकार हो गयीं और 10 मार्च, 1897 को रात्रि नौ बजे उनकी मृत्यु हो गई।

सावित्री बाई निर्भीक सामाजिक कार्यकर्ती ही नहीं थीं, वरन लेखिका और कवयित्री भी थीं। सन् 1854 में उनकी रचनाओं का संकलन 'काव्य-फुले' प्रकाशित हुआ तो सन् 1892 में 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर'। वह प्रखर नारीवादी थीं और स्त्रियों के लिए समान अधिकारों की हिमायती। इशी के तहत उन्होंने महिला सेवा मंडल की स्थापना की। मंडल के तत्वावधान में जाति-धर्म के भेद से परे स्त्रियां एक स्थान पर एकत्र होतीं और अस्पृश्यता को तिलांजलि देकर एक ही दरी पर अगल-बगल बैठतीं। समय के मान से यह क्रांतिकारी उपक्रम था। उनका प्रयास बलात्कृताओं और विधवाओं के प्रसव तक सीमित न था, बल्कि अभिशप्त माएं चाहतीं तो लालन-पालन के लिए अपने नवजात शिशु को वहां छोड़कर जा सकती थीं। सावित्री बाई और ज्योतिबा सती प्रथा के घोर विरोधी थे। उन्होंने बाल-विवाह का भी विरोध किया और विधवाओं और परित्यक्त शिशुओं के लिए बसेरा भी खोला।

सावित्री बाई क्रांतिधर्मी शख्सियत थीं। उनमें साहस कूट-कूट कर भरा था। एक प्रसंग उल्लेखनीय है। सावित्री बाई को खबर मिली कि अमुक गांव में ग्रामीण निम्न जाति की कन्या से संबंधों के 'अपराध' में एक युवक की 'लिंचिंग' पर आमादा हैं। सावित्री भागकर वहां पहुंचीं और ग्रामीणों को लिंचिंग के दण्डात्मक परिणामों के बारे में बताया। फलतः युवक की प्राण रक्षा हुई। इस वाकये का सावित्री बाई ने पति ज्योतिबा को लिखे पत्र में उल्लेख किया। फुले-दंपत्ति में ब्रिटिश हुकूमत के सामाजिक कानूनों को लेकर पर्याप्त आदरभाव था। इसकी पुष्टि ज्योतिबा के लेखन से भी होती है। सावित्री बाई फुले के जन्मदिन 3 जनवरी को महाराष्ट्र में 'बालिका-दिन' के तौर पर मनाया जाता है। पुणे नगर-निगम ने सन् 1983 में स्मारक की स्थापना की तो सन् 2015 में पुणे विश्वविद्यालय का नामकरण सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय किया गया। भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया। दूरदर्शन ने उनके जीवन पर आधारित नाटक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले का प्रसारण किया। मराठी में उनके बारे में प्रचुर साहित्य उपलब्ध है। सावित्रीबाई फुले जैसी क्रांतिधर्मी शख्सियत हम सबके सलाम की हकदार हैं।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं )**

# शिक्षा के प्रांगण : कक्षा से कैंटीन कल्चर तक

## शिक्षा

**प्रेम सिंह**



नवउदारवादी नीतियों (नियो-लिबरल पॉलिसीज) ने शिक्षा के चरित्र और उद्देश्य को बदलते हुए उसका व्यावसायीकरण (कॉमर्सियलाईजेशन) ही नहीं किया है, शिक्षा संस्थानों - स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों - के वातावरण को भी उस दिशा में तेजी से बदला है. इसकी एक बानगी स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में कैंटीन कल्चर के फैलाव में देखी जा सकती है. इस संदर्भ में पिछले सौ सालों से देश की राजधानी में स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय का उदहारण लें. शिक्षा जगत में नवउदारवाद के पैर पसारने से पहले कैंटीन यहां के कालेजों और विश्वविद्यालय का एक बहुत छोटा हिस्सा होती थीं. उनमें खाने-पीने की चीजें बहुत कम - चाय, ब्रेड पकोड़ा, ऑमलेट, समोसा, सेंडविच आदि - मिलती थीं. विद्यार्थियों के लिए, अगर वे कॉलेज परिसर में हैं, सबसे पहले कक्षा और उसके बाद पुस्तकालय, कॉमन रूम, स्पोर्ट्स रूम, एनसीसी रूम, एनएसएस रूम, यूनियन रूम, अगर किसी कॉलेज में सुविधा है तो थिएटर रूम और खेल के मैदान में जाना महत्वपूर्ण होता था. कॉलेज में बने दोस्तों के साथ कॉलेज लॉन से लेकर सीढ़ियों तक पर बैठने की रवायत थी, कैंटीन में नहीं.

विद्यार्थी जिस जगह बैठते, उसी तरह की आपस में चर्चा होती थी. एक-दूसरे के विषयों, अनुभवों, रुचियों आदि को जानने में उनका समय बीतता था. इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों और दिल्ली शहर एवं देहात से आने वाले विद्यार्थियों के बीच आपस में अलगाव नहीं, साझापन बढ़ता था. कैंटीन की तरफ बहुत कम विद्यार्थी जाते थे, वह भी किसी खास अवसर पर. बात-बात पर पार्टी लेने-देने का रिवाज तब नहीं था. सत्तर के दशक की मुझे याद है. तब विद्यार्थियों पर बर्थडे मनाने का भूत सवार नहीं हुआ था.

उन दिनों यू-स्पेशल बसें चलती थीं. कक्षाएं खत्म होने के बाद विद्यार्थियों को यू-स्पेशल पकड़ कर घर जाने की जल्दी रहती थी. यू-स्पेशल बसें विद्यार्थियों के एक-दूसरे के करीब आने का एक बड़ा जरिया हुआ करता था. इन बसों में प्रेम-प्रसंग भी चलते थे, झगड़े और मार-पीट भी. इन बसों के जरिये कॉलेज-विश्वविद्यालय की दुनिया पूरे शहर और देहात तक प्रसारित हो जाती थी. सांध्यकालीन कालेजों की यू-स्पेशल बसें भी चलती थीं. प्रायः सभी यू-स्पेशल बसों में कोई न कोई शिक्षक भी अपने गंतव्य तक यात्रा करते थे. नवउदारवाद की अगवानी में यू-स्पेशल बसें बंद होती चली गईं. एनसीसी/एनएसएस आदि निष्क्रिय या खत्म होते चले गए. विद्यार्थियों के बीच सामूहिकता की भावना पैदा करने वाला वह वातावरण भी समाप्त होता चला गया. बढ़ती चली गईं कैंटीन और उनके मैन्यु!

स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं. कैंटीन कल्चर का यह फैलाव बताता है कि पिछले दो-तीन दशक में मध्यवर्ग, जिसमें सर्विस क्लास भी शामिल है, के पास काफी धन आया है. अगर विद्यार्थियों की खरीद-शक्ति नहीं होती, तो दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंटीन-व्यापार इस तरह नहीं जम सकता था. कैंटीन का ठेका लेने वाले ठेकेदारों को काफी मुनाफा होता है. इसीलिए कैंटीन का टेंडर लेने के लिए काफी प्रतिस्पर्धा और सिफारिश चलती है.

गौर करें कि कैंटीन कल्चर के समानांतर हर कॉलेज में फोटो-कॉपी कल्चर भी विकसित हुआ है. अध्ययन सामग्री फोटो-कॉपी कराने के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर अनेक फोटो-कॉपी पॉइंट्स खुले हुए हैं. उनकी भी अच्छी-खासी कमाई होती है. पहले सभी विद्यार्थी पुस्तकालय या घर पर बैठ कर परीक्षा के नोट्स तैयार करते थे. अब वैसा नहीं है. सब कुछ फोटो-कॉपी कराया जाता है. फोटो-कॉपी कल्चर के चलते कॉलेज में कक्षा के अलावा जो समय बचता है, विद्यार्थी उसमें से ज्यादा समय कैंटीन में बिताते हैं. इस तरह फोटो-कॉपी कल्चर कैंटीन कल्चर का विस्तार है. नवउदारवाद के साथ शुरू हुई यह प्रवृत्ति भी कैंटीन कल्चर का ही विस्तार है कि हर साल बड़े छात्र संगठन कालेजों के विद्यार्थियों को शहर और उसके बाहर स्थित रिसॉर्ट्स में पार्टी कराने के लिए गाड़ियों में बैठा कर लेकर जाते हैं.

दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कैंपस हैं. वहां भी कैंटीन कल्चर का असर बखूबी देखा जा सकता है. एक समय नार्थ कैंपस में तीन-चार कॉफी हाउस होते थे, जिनमें लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस बैठने की खास जगह था. वहां कॉफी-चाय के साथ सेंडविच और डोसा-बड़ा मिलते थे. छात्र-शिक्षक राजनीति से लेकर साहित्यिक-सांस्कृतिक-बौद्धिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक वहां जमा होते थे. कक्षाएं समाप्त होने बाद लोग देर तक तसल्ली से बैठते थे. शाम के वक्त कॉफी हाउस में होस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों का जमावड़ा होता था. इस तरह बिलकुल साधारण और सस्ता लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस आपस में मिलने-जुलने और चर्चा करने का जीवंत केंद्र था. दिल्ली शहर के कॉफी हाउस भी इसी खासियत के लिए जाने जाते थे.

नार्थ कैंपस में करीब 20 साल पहले ही कॉफी हाउस खत्म कर दिए गए थे. उन दिनों 'निरूला' का बहुत जोर था. अभी जहां दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की को-ऑपरेटिव कैंटीन है, वहां कॉफी हाउस हुआ करता था. वह जगह निरूला रेस्टोरेंट को दे दी गई थी. विश्वविद्यालय समुदाय की तरफ से विरोध भी हुआ था. लेकिन निरूला रेस्टोरेंट को हटाया नहीं गया. मोटा मुनाफा नहीं कमा पाने के चलते कुछ वर्ष बाद वह खुद ही जगह खाली करके चला गया. केंद्रीय पुस्तकालय के साथ एक नई इमारत दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिसर के नाम से बनाई गई थी. उस परिसर में एक बड़ी कैंटीन भी खोली गई. कई ठेकेदार/संस्थाएं अब तक यह कैंटीन चलाते रहे हैं. इसी इमारत में पुस्तकों/पत्रिकाओं की बिक्री का एक केंद्र खोला गया था. विद्यार्थी और शिक्षक वहां से अपनी पसंद की पुस्तकें-पत्रिकाएं लेते थे. पुस्तक केंद्र चलाने वाले व्यक्ति को बताने पर वह जरूरी पुस्तक/पत्रिका मंगवा देता था. उसी इमारत में एक छोटा सेमिनार रूम भी बनाया गया था, जिसे विद्यार्थी और शिक्षक कार्यक्रम के लिए मुफ्त बुक करा सकते थे. उस इमारत में पुस्तक केंद्र और सेमीनार रूम की सुविधाएं काफी पहले बंद कर दी गईं थीं. फिलहाल कैंटीन भी बंद रहती है. शायद अगले ठेकेदार के इंतजार में! साउथ कैंपस की नई इमारत बनी तो वहां की कैंटीन मशहूर हो गयी. वह कैंटीन एक छोटी-सी साधारण इमारत में चलती थी. कैंटीन मूर्ति नाम के दक्षिण भारतीय व्यक्ति चलाते थे. वह कैंटीन मूर्ति की कैंटीन के नाम से ही जानी जाने लगी थी. मूर्ति की खासियत यह थी कि वह मुफ्तखोरी करने वाले विद्यार्थियों या दिल्ली देहात से आकर वहां अड्डा जमाने वाले कुछ दबंगों को भी नाराज या निराश नहीं करता था. वह सबको साथ लेकर चलता था, और सबको सस्ते में चाय, कॉफी, नाश्ता और लंच उपलब्ध कराता था. जैसे-जैसे देश में नवउदारवाद का नशा तेज होने लगा, खाने की गुणवत्ता और किफायती दाम के लिहाज से बेजोड़ वह कैंटीन खत्म कर दी गई. करीब एक करोड़ रूपया खर्च करके कैंटीन के लिए बांस की एक डिजाइनर इमारत का निर्माण कराया गया. उससे भी तसल्ली नहीं हुई तो कई करोड़ रूपया खर्च करके वर्तमान वातानुकूलित कैफेटेरिया बनवाया गया. जाहिर है, इस कैंटीन में खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता घट गई, और दाम बढ़ गए हैं. फिर भी कैंटीन काफी चलती है.

दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों और दोनों कैंपस के कैंटीन कल्चर का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी कैंटीन में संपन्न विद्यार्थियों की तरह नहीं जा पाते हैं. जब कक्षा के बाद या कक्षा छोड़ करके समूह में विद्यार्थी कैंटीन की तरफ जाते हैं, तो ऐसे विद्यार्थियों को छिटकना पड़ता है. नार्थ कैंपस फैला हुआ है. वहां यह विभाजन साफ नहीं दिखाई देता है. लेकिन विश्वविद्यालय के कॉलेज और साउथ कैंपस बंधे हुए हैं. वहां आर्थिक रूप से मजबूत और कमजोर विद्यार्थियों के बीच की फांक साफ दिखाई देती है. कैंटीन कल्चर में अलगाव-ग्रस्त विद्यार्थी कैसा अनुभव करते हैं, और अपने अलगाव को भरने के लिए क्या उपाय करते हैं - इसका अध्ययन दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले या पढ़ चुके पत्रकारिता के विद्यार्थियों को करना चाहिए.

शिक्षण संस्थानों में फैला कैंटीन कल्चर व्यापक बाजारवाद का ऐसा कॉरिडोर है, जहां से गुजर कर वह (बाजारवाद) अपनी निर्विघ्न यात्रा तय करता है.

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं)**

**स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं.**

# आसमान की यात्राओं के अराजक होने की त्रासदी

## प्रसंगवश

**ललित गर्ग**



आज देश ही नहीं, दुनिया में व्यक्ति हिंसक एवं अराजक होता जा रहा है। हिंसा का बढ़ता प्रभाव मानवीय चेतना से खिलवाड़ करता है और व्यक्ति स्वयं को निरीह अनुभव करता है। इन स्थितियों में संवेदनहीनता बढ़ जाती है और जिन्दगी सिसकती हुई प्रतीत होती है। ऐसी स्थितियों का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। यह चिन्ता तब ज्यादा बढ़ जाती है एवं परेशान करती है जब अति संवेदनशील हवाई यात्रा के दौरान ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। शराब के नशे में उद्दण्डता करना, किसी पर थूक देना, किसी पर पेशाब कर देना या किसी को थप्पड मार देने जैसी घटनाएं हवाई सफर के दौरान होना विमान अधिनियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ हवाई सफर को खतरे में डालना है। सोमवार को अबू धाबी से मुंबई के लिए चले एक विमान में ऐसी ही अराजक स्थितियां उत्पन्न हुई, जब चालक दल के सदस्यों की ओर से अनधिकृत गतिविधि से रोके जाने पर एक महिला यात्री ने एक कर्मी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और अशिष्ट व्यवहार किया। विमान यात्रा के दौरान यात्रियों द्वारा महिला कर्मियों से छेड़छाड़, अशिष्ट एवं बेहूदी घटनाएं होना तो आम बात रही है। विमान यात्रा पर लग रहे इन दागों एवं धब्बों को धोना जरूरी है।

वर्तमान के संदर्भ में देखा जाए तो लगता है, मनुष्य की मानसिकता हिंसक, अराजक एवं असंतुलित होती जा रही है, ऐसी स्थितियां स्वयं के साथ अन्य लोगों के जीवन को संकट में डालती है। शांति, संतुलन, मयार्दा एव अहिंसा के मूल्य लुप्त होते जा रहे हैं, महापुरुषों के स्वर कहीं शून्य में खो गए हैं। जीवन के श्रेष्ठ मूल्य व्यवहार के धरातल पर अर्थहीन से हो रहे हैं। तभी विश्व मानव में सामाजिक असंवेदनाओं, हिंसा एवं अराजकता की त्रासद स्थितियां देखने को मिल रही है। विश्व अणु-परमाणु हथियारों के ढेर पर खड़ा है। दुनिया हिंसा की लपटों से झुलस रही है। अर्थ प्रधान दृष्टिकोण, सुविधावादी मनोवृत्ति, उपभोक्ता संस्कृति, सांप्रदायिक कट्टरता, जातीय विद्वेष आदि स्थितियों ने मानवता की काया में न जाने कितने गहरे घाव दिये हैं। अराजकता के बीज, संवेदनहीनता एवं हिंसा के दंश जमीन से लेकर आसमान तक पसरे हैं जो इंसान को संकट में डाल रहे हैं।

यह सर्वविदित है कि विमान की उड़ान हर स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं नाजूक होती है और उसमें कोई मामूली चूक एक त्रासद नतीजे या दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिये उड़ान के दौरान न केवल सुरक्षा की कसौटी पर हवाई जहाज में तकनीकी स्तर पर सौ फीसद परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं, बल्कि उसमें सवार चालक दल सहित हर व्यक्ति की गतिविधि यात्रा का पूरी तरह सुरक्षित होना तय करती है। विमानकर्मियों को इसलिये गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ-साथ शालीन-शिष्ट व्यवहार सिखाया जाता है, ताकि यात्रियों की यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो एवं उन्हें यात्रा का सुखद अनुभव हो। लेकिन विमानयात्रियों के लिये ऐसी कोई आचार-संहिता का समुचित प्रशिक्षण न होने से वे अवांछनीय एवं अराजक होने के साथ हिंसक भी हो जाते हैं।

विमान की उच्चस्तरीय एवं व्यवहारक्षम सेवाओं के होने के बावजूद नए यात्रियों के लिए भी विमान के भीतर हर गतिविधि के लिए लिखित निर्देश होते हैं, चालक दल के सदस्यों की ओर से घोषणाएं की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर किसी बात को समझने में मदद भी की जाती है। अगर चालक दल से कार्य-दायित्व में कोई कोताही होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इन सब स्थितियों के होने के बावजूद कुछ यात्रियों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी नहीं लगता है, और वे अपनी सीमाओं एवं मयार्दाओं का उल्लंघन करने पर आमादा हो जाते हैं जिससे पैदा जोखिम की जद में वह खुद भी होता है।

यात्रा चाहे रेल की हो या सड़क मार्ग की उनमें हिंसा एवं अराजकता की स्थितियां आम बात है। आजकल सड़क पर चलते वक्त किस व्यक्ति का मानसिक असंतुलन, क्रोध या तनाव हिंसा में बदल जाये कहां नहीं जा सकता, लेकिन आमतौर पर विमान से यात्रा को व्यवस्था के लिहाज से हर स्तर पर सुरक्षित और सहज माना जाता है, जिसमें लोगों को कोई परेशानी न हो। लेकिन वहां भी हिंसक एवं अराजक स्थितियों का उग्र होना चिन्ता का कारण है। विडंबना यह है कि कई बार खुद किसी यात्री की हरकतें न केवल अवांछित होती हैं, बल्कि उससे समूचे विमान की सुरक्षा संकट में पड़ जाती है। इस वर्ष की शुरूआत में ही शराब पीकर हंगामा करने, लापरवाही में आपातकालीन दरवाजा खोल देने या किसी विमान परिचारिका से छेड़खानी करने की ऐसी कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो विमान यात्रा में जोखिम की वजह मानी जा सकती हैं। पिछले कुछ समय की कतिपय यात्रियों की गैरजिम्मेदाराना एवं अराजक घटनाओं ने यह सवाल उठा दिये हैं कि कोई यात्री क्या इस बात को लेकर पूरी तरह निश्चिंत एवं सुरक्षित हो सकता है कि उसके साथ अराजक या अनुचित बरताव नहीं होगा! विमानकर्मियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल इसलिये गंभीर है कि पिछले दिनों विमान में शराब पीने के बाद कुछ यात्रियों के अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने स्वाभाविक ही उड़ान के दौरान प्रबंधन और व्यवस्था के लडखड़ाने के साथ अन्य यात्रियों को भारी तकलीफ एवं तनाव झेलना पड़ा।

अन्तर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं में शराब परोसे जाने का प्रचलन रहा है। शराब के सेवन के बाद किसी यात्री का बेकाबू, अश्लील, असंतुलित एवं आक्रामक व्यवहार होना स्वाभाविक है। इस तरह के व्यवहार से महिला कर्मियों को जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ता है। जाहिर है, व्यवस्था के स्तर पर ऐसी बाधा से निपटने के क्रम में शराब परोसने की प्रवृत्ति को रोकना विमान प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी होना चाहिए। शायद यही वजह है कि अब एअर इंडिया ने अपनी उड़ान के दौरान यात्रियों को शराब परोसे जाने की नीति में बदलाव करने का फैसला किया है। आसमान में होने वाली इन अराजक, अश्लील एवं आक्रामक घटनाओं के क्रम में शराब पीकर किसी यात्री के द्वारा अन्य यात्रियों या फिर चालक दल के सदस्यों से अभद्र, आक्रामक एवं अराजक बर्ताव किया जाना दूसरे यात्रियों के परेशानी के सबब तो थे ही, इन घटनाओं ने विमान सेवाओं पर भी अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। निश्चित ही बार-बार घटने वाली इन घटनाओं एवं बेलगाम बर्ताव की वजह से समूची उड़ान को खतरे में नहीं डाला जा सकता, नतीजतन उन पर नियंत्रण के लिये विमान अधिनियमों एवं कानूनों में सख्ती लाना जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं पर वास्तविक नियंत्रण के लिये विमान में सफर करने वाले लोगों को अपने स्तर पर ही इस बात का खयाल रखना चाहिए कि जिस तरह वे अपने लिए सुरक्षित और सहज यात्रा की अपेक्षा करते हैं, उसी तरह उनकी वजह से किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। नागर विमानन महानिदेशालय को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए व्यवस्था, शिष्टता और सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय मानकों के लिए मशहूर रही विमान यात्रा को अराजक होने से बचाने के पुख्ते इंतजाम करने चाहिए।

**(लेखक पत्रकार, स्तंभकार हैं, संपर्क 9811051133)**

# बजट एक्सपर्ट की बजटबाजी

## व्यंग्य

**रामविलास जांगिड़**



बजट बनाया जा रहा है या बजट को बनाया जा रहा है। बजट के लिए हलवा पकाया जा रहा है या पुराने बजट को नए रैपर में सजाया जा रहा है। कुछ नहीं कह सकते! बजट आता है और अपने साथ कई तरह के टैक्स लाता है। महान विदूषक श्री भोयाली भांडेत के जमाने में जो कुछ बजट बनाया जा रहा था, वही बजट अब तक सजाया जा रहा है। जो आम आदमी के कभी समझ में नहीं आया! आम तो क्या खास अर्थशास्त्री भी जमीन ही कुरेदते रहते हैं। बजट बनाने का सबसे आसान तरीका बरसों से काम में लिया जा रहा है। इसके अनुसार कई तरह की बजटाकांक्षी सामग्रियों की चिटें बना ली जाती है और उन चिटों को हवा में उछाल दिया जाता है। जो चिटें भोयाली भांडेत के बाईं तरफ गिरी मिलती, उन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगा दिया जाता। दाईं तरफ गिरने वाली चिटों पर 28 प्रतिशत टैक्स! सामने की तरफ गिरने वाली चिटों का बड़ा भाग्य माना जाता और उन पर 38 प्रतिशत टैक्स ही लगाते। जो चिटें हवा में रह जाती, उसे घाटे का बजट कहा जाता।

एक दूसरे संवैधानिक सिद्धांत के अनुसार एक काली हांडी में बजटाकांक्षी सामग्रियों चिटों को हांडी में डाल दिया जाता है। मौका-ए-वारदात पर क्षेत्र के जाने-माने वित्त डाकू अधिकारी को बुलाकर हांडी में पड़ी चिटें हवा में उड़ाई जाती है। ठीक इसी तरह जैसे बरसों पहले एक नायिका का मलमल वाला दुपट्टा हवा में उड़ चला था। यहां भी हलवा परोस कर, हवा में उड़ता जाए मेरा मोटा मलमल रोकड़ा, गीत गाने का कार्यक्रम रखा जाता है। खैर! काली हांडी के सामने पांच प्रकार के गोल घेरे बने तैयार रखे जाते हैं। कई बार इन घेरों की संख्या 50 तक भी होती है। हर एक घेरे में कुछ गणित के अंक जैसे 15-20-25-30-35 आदि लिखे होते हैं। वित्त डाकू काली हांडी में पड़ी चिटें निकालकर इधर-उधर उछालता है। जो चिट जिस घेरे में गिर जाती है, उसी चिट को खोलकर उसमें लिखे गए सामान पर उतना ही टैक्स लगा दिया जाता है। इन सभी घेरों के बाहर बजट बनाने वाली पार्टी, बजट के रसिया गीत गाती-नाचती रहती है। वे इसे संसार का सबसे बेहतरीन बजट बताती है। पास में ही विरोधी पार्टी के दल छाती-कूटते हुए, रोते-बिलखते इसे गोबर बजट बताते हैं। काली हांडी के घेरों से बहुत दूर बैठी बेचारी जनता छछूंदर बनी हुई न रोती है, न हंसती है!

जो व्यक्ति चुप बैठे हैं, उन पर बहुत टैक्स लगाया हुआ है, तो हर एक व्यक्ति ने घबराकर 3-3 स्मार्टफोन खरीद लिए हैं। पैदलचियों पर सरकार ने भारी भरकम टैक्स लगा दिया है, अतः घबरा कर हर पैदलची ने 2-2 कारें खरीद ली है। सरकार ने होशियारी कर कारों पर टैक्स लगाने के उपाय किए हैं। खिड़की खोलने का टैक्स तो खिड़की बंद करने का टैक्स! गियर लगाने का टैक्स तो, न्यूट्रल में रखने का टैक्स! सड़क पर चलाने का टैक्स तो, घर में पड़ी रखने पर टैक्स! सभी सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं, जो अच्छा है। सारे सरकारी डॉक्टर अपने घर-परिवार का इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराते हैं। सब बजट की माया है!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं )**

# लघुकथा : इंतजार

**कौशल पाण्डेय**

राजवीर एक पूर्व सैनिक था और एक प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से शहर के बाहरी हिस्से में स्थित एक बड़े संस्थान में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था ' उसके पास बंदूक का लाइसेंस भी था ' एजेंसी में दो तरह के गार्ड थे ' एक बंदूक वाले और दूसरे सामान्य श्रेणी के ' बंदूक होने के कारण उसकी तनख्वाह कुछ ज्यादा थी ' उसे लगा कि लाइसेंस लेने का उसका फैसला गलत नहीं था ' रात में चोरी के खतरे अधिक होते हैं इसलिये उसकी ड्यूटी प्रायः रात में ही लगती थी '

संस्थान के विशाल परिसर में चंदन के कई पेड़ थे जो कि हमेशा चोरों के निशाने पर रहते थे ' एक अंधेरी रात की बात है ' चोर परिसर में चंदन के पेड़ काटने के उद्देश्य से घुसे ' उनके पास बैटरी से चलने वाली आरी थी ' उन्होंने अपना काम शुरू ही किया था कि राजवीर की पैनी निगाह उन पर पड़ी ' उसने चोरों को ललकारा ' चोरों की ओर से एक फायर हुआ ' जवाब में राजवीर नें भी फायर किया ' चोर भागे पर तब तक एक चोर के पैर में उसकी गोली लग चुकी थी ' गोली की आवाज सुनकर पास में गस्त कर रही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई ' घायल चोर पकड़ा गया ' रात से ही पुलिस और मीडिया की गहमा- गहमी शुरू हो गई ' पकड़े गए चोर से जानकारी मिली कि वह पड़ोसी राज्य के एक खूंखार चंदन तस्कर गिरोह का सदस्य है, जिस पर कि कई लाख का इनाम भी घोषित है ' सुबह - सुबह पुलिस और मीडिया द्वारा राजवीर को खूब तारीफ मिली ' उसे पुरस्कृत और सम्मानित किये जाने की भी चचाएँ होने लगीं ' जांच आगे बढ़ी ' इनाम की बात सामने आते ही पुलिस की ओर से कहा गया कि चोर पुलिस की गोली से घायल हुआ है ' सिविलियन होने के नाते राजवीर का गोली चलाना ही गैर-कानूनी था '

राजवीर को पुलिस विभाग का नोटिस मिला कि वह अपनी बंदूक थाने में जमा करे ' उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा ' उसकी बंदूक राजधानी में स्थित फोरेंसिक लैब में जमा है ' पता चला कि जांच में काफी वक्त लगेगा '

बंदूक न होने के कारण राजवीर की एजेंसी ने उसे घर बिठा दिया है और यह भी कहा है कि इन दिनों उनके यहां सामान्य गार्ड का कोई पद रिक्त नहीं है ' पांच- छह महीने हो गए उसे अभी तक फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट का इंतजार है '

**मो. 9532455570**

# संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज में फैली बुराइयों को रोका : मो. आरिफ

जयंती

### सपा जनों ने संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन मो.आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में सपा जनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

जहां पर उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन मो.आरिफ सिद्दिकी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी एक महान संत थे। संत शिरोमणि रविदास जी ने काम को महत्व दिया और गंगा स्नान के लिए कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी हमेशा ही अपने दोहों और रचनाओं के जरिए लोगों को समाज में फैली बुराइयों और कुरीतियों के बारे में बताया। उन्हें दूर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सभी को भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही सच्चाई की राह पर चलने की भी प्रेरणा दी। संत शिरोमणि रविदास जी ने सबको एकता के सूत्र में चलाने की भी कोशिश की। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल मौर्य, हसीब शाह, रामसजीवन, मंजलाल विश्वकर्मा, अयोध्या प्रसाद मौर्य, मो.अलीम, बृज बहादुर मौर्य, राम बाबू मौर्य, दिनेश मौर्य, नावेद अंसारी, सदनलाल सरोज, प्रदीप यादव, गनी खां, सहाबुद्दीन खां, मोहर्रम अली अंसारी, अमरेश यादव, आबिद अंसारी, जितेंद्र राय, लल्ला यादव, अभिषेक यादव, महफूज अंसारी, राजेश यादव, सरवर अंसारी व जुल्फेकार अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।


संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपाई

# फर्जी तरीके से किसानों का सत्यापन करने वाले गैंग के 4 अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

सफलता

### एसडीएम के आशंका व्यक्त किए जाने पर डीएम के निर्देश पर दर्ज किया गया था मुकदमा

### अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद डेस्कटाप कम्प्यूटर सेट मय सीपीयू मानीटर कीबोर्ड माउस, इन्टरनेट राउटर, नगद रुपये आदि बरामद


गिरफ्तार आरोपियों को पकड़ कर ले जाती पुलिस

**भदोही।** गत 10 दिसंबर को जिला खाद्य विवरण अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय व एडीएम, एसडीएम ज्ञानपुर, एसडीएम भदोही, एसडीएम औराई जनपद भदोही का यूजर आईडी पासवर्ड अनाधिकृत रुप से किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्राप्त व परिवर्तित कर 1106 किसानों का फर्जी तरीके से सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में थाना ज्ञानपुर में सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उक्त अभियोग के सफल अनावरण हेतु टीम गठित कर गिरफ्तारी व बरामदगी के निर्देश दिये गये थे। शनिवार को मुखबिर खास द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर साइबर क्राइम सेल, थाना औराई व थाना ज्ञानपुर की संयुक्त टीम की कार्यवाही में मिश्रा राइस मिल के मालिक अनिल मिश्र, शिवम मिश्र व गोविन्द मिश्र को महाराजगंज थाना क्षेत्र औराई से व शुभम पाण्डेय को भिदिउरा थाना क्षेत्र ज्ञानपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित उक्त 1106 किसानों के रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अन्य जानकारियां प्राप्त की जा रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों के सरगना अनिल मिश्र ने बताया कि मेरा मुख्य कारोबार राइस मिल का है, जिसमें सरकारी क्रय किये गये धानों की कुटाई का भी कार्य किया जाता है। मुझे वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा निर्धारित की गयी 6600 मैट्रिक टन (6 लाख 60 हजार कुन्टल) जनपद भदोही में धान क्रय का लक्ष्य की जानकारी प्राप्त हुई थी। अपने परिचत व्यक्तियों का आधार लगाकर फर्जी तरीके से किसान बनाकर रजिस्ट्रेशन कर तथा फर्जी तरीके से उसका सत्यापन करके, धान क्रय व विक्रय में घपले बाजी किया है। उनके पास से एक अदद डेस्कटाप कम्प्यूटर सेट मय सहवर्ती उपकरण, इन्टरनेट राउटर, 4 अदद मल्टीमीडिया व 01 अदद कीपैड मोबाइल व 5,100 रुपए नकद मिला।

## संक्षेप

### अज्ञात मैजिक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत


हॉस्पिटल में परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कार्यवाही करती पुलिस

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कठौता मोड़ पर बाईक सवार विजय उपाध्याय उर्फ कोरे लाल उपाध्याय 50 वर्ष निवासी चकनीरंजन की अज्ञात मैजिक की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को विजय उपाध्याय उर्फ कोरेलाल उपाध्याय 50 पुत्र शीलवंता अपने बाइक संख्या यूपी 66 वी 6669 से आईनछ से शादी विवाह में कारखाने का कार्य कर वापस लौट रहे थे। जैसे ही कठोता मोड़ के पास पहुंचे कि अज्ञात मैजिक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये, तत्काल उन्हें पीआरबी पुलिस के द्वारा गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज राय ने परिजनों को सूचित करते हुए शव को कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम की कार्रवाई में लग गए। बताते चलें कि मृतक के 2 पुत्र है। जिसमें से 17 वर्षीय रंजीत मुंबई में रहकर कार्य करता है, वही दूसरा पुत्र 11 वर्षीय घर पर पढ़ाई करता है। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई कोहराम मच गया।

### आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही को हराकर जौनपुर बना चैंपियन

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में रविवार को फाइनल मैच मल्हनी से समाजवादी पार्टी के विधायक लकी यादव की टीम जौनपुर बनाम आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही के बीच खेला गया, फाइनल मैच में आजाद स्पोर्ट्स के कैप्टन दुर्गाचरण शुक्ला ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जौनपुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों के मैच में नौ विकेट पर 193 रन बनाए, जिसमें जौनपुर के बल्लेबाज रवि सिंह ने 87 रनों की शानदार पारी खेली, यादवेंद्र सिंह ने 34, अभय यादव ने 18 रन बनाए, संग्राम व अमर चौधरी ने 13-13रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स के गेंदबाज गोविंदा यादव को तीन विकेट मिले। आकाश तिवारी व विकास यादव को दो दो विकेट प्राप्त हुए। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने जवाब में खेलने उतरी आजाद स्पोर्ट्स की टीम पचीस ओवर में 8 विकेट की कीमत पर 140 रन ही बना पायी। जिसमे सबसे ज्यादा संदीप ने सिंह 38 योगदान दिया। जौनपुर के कैप्टन सपा विधायक लकी यादव को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजेता ट्राफी व एक लाख रुपये नगद प्रदान किया गया। उपविजेता टीम के कैप्टन दुर्गाचरण शुक्ला को ट्राफी व पचास हजार रुपए नगद दिया गया। टूनार्मेण्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी को 11000 रुपए नगद, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को पाँच पांच हजार रुपए नगद इनाम दिया गया। सांसद रमेश बिंद में महर्षि आजाद स्टेडियम में मंच निर्माण के लिए पाँच व विधायक विपुल दुबे ने मंच निर्माण के लिए पाँच लाख इक्यावन हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर डीघ ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा, अभोली ब्लाक प्रमुख अनीता बिंद, भाजपा नेता सुनील मिश्र, समाजसेवी विनय चौरसिया, पूर्व चेयरमैन नन्दलाल गुप्ता आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**भदोही।** गत शुक्रवार को थाना कोइरौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमराध स्थित एक स्थानीय चिकित्सालय में ईलाज के दौरान एक महिला पत्ति देवी पत्नी रमाशंकर उम्र 48 वर्ष निवासी सेमराध थाना कोइरौना जिला भदोही की मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं.-11/2023 धारा-304 भा.द.वि. व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट का अभियोग नामजद अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचनात्क कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त राजेंद्र उर्फ राजन विश्वकर्मा पुत्र स्व. हृदयनारायण विश्वकर्मा निवासी बलनपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही को को नेवाजीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

# शानदार अर्धशतक लगाकर डीएम ने जिताई अपनी टीम

खेल

### निपुण योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन भदोही और बेसिक शिक्षा अध्यापकों के बीच खेला गया मैच

जनसंदेश न्यूज


मैच के बाद सभी खिलाड़ियों के साथ बैठे डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही में निपुण योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन भदोही और बेसिक शिक्षा अध्यापक के मध्य 20-20 ओवरों का क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें जिला प्रशासन कप्तान गौरांग राठी जिला अधिकारी ने टास जीत कर पहले गेदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले अध्यापक टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 137 बनाए, जिसमे दीपक ने 44, शैलेश ने 25 व अवधेश ने 12 रन बनाए। प्रशासन एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक ने 3, सिराजुद्दीन, रिषभ ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने गौरांग राठी जिलाधिकारी के शानदार 67 रन, डॉक्टर अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक के 23 रन व सिराजुद्दीन क्रीड़ाधिकारी के 22 रनो की बदौलत 19 ओवर 4 विकेट पर 138 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

एकादश की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज मनोज रहे जिन्होंने 2 विकेट लिए। पूरे मैच में मुख्य विकास अधिकारी यशवन्त कुमार सिंह, कृपा शंकर पांडे एसडीएम भदोही, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नायब तहसीलदार बलवंत सिंह तथा नितिन सिंह के द्वारा शानदार क्षेत्ररक्षक का प्रदर्शन रहा। इस मैच के मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी भदोही चंद्रशेखर आजाद, यशवंत सिंह ज्ञानपुर, वेद प्रकाश यादव, रमा कांत सिंहरौल मुख्यालय, आशीष मिश्रा ऑराई व स्टेडियम के समस्त क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# निपुण भारत मिशन को सफल बनाने हेतु किया नुक्कड़ नाटक

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर क्षेत्र भदोही के प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी के आस पास के बस्ती में सोशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत निपुण भारत मिशन उत्तर प्रदेश हेतु जन जागरण के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से माताओं, बहनों, अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया गया। डीबीटी के माध्यम से शासन द्वारा 1200 रुपए बच्चों के यूनिफार्म, जूता-मोजा, बैग, स्वेटर, कॉपी पेन पेंसिल के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए उस पैसे से उपरोक्त सामग्री ही खरीदा जाए ना कि घरेलू कार्य में खर्च किया जाए ये भी बताया गया। नाटक के माध्यम से बहुत सटीक प्रदर्शन कर अभिभावकों को प्रेरित किया गया। जिस प्रकार से भवन की नींव मजबूत होने से भवन मजबूत और टिकाऊ होता है उसी प्रकार प्रारंभिक शिक्षा निरंतर नियमित होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावी होती है। अतः बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय नियमित भेजने हेतु नाटक के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित किया गया। नाटक समापन पर विद्यालय के प्रधनाध्यापक समीर हसन ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रभावशाली बनाने हेतु छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावक से निवेदन किया।


निपुण भारत मिशन को सफल बनाने हेतु नुक्कड़ नाटक करते कलाकार

# 80 खिलाड़ियों को ताइक्वांडो परीक्षा में मिली प्रोन्नति

## डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को तड़बनवा स्थित सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल के परिसर में ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 80 खिलाड़ियों ने प्रोन्नति हासिल की।

एसोसिएशन के सचिव विपिन सिंह यादव ने बताया कि इस ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में 95 खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्ट के वर्गों में प्रमोशन पाने के लिए प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, शाह फैज पब्लिक स्कूल, सनी ताइक्वांडो एके-डमी छावनी लाइन, एसआईएस ताइक्वांडो एकेडमी जमानिया व वंश ताइक्वांडो एकेडमी रौजा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

निर्णायक मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष व टेक्निकल डायरेक्टर अलाउद्दीन अंसारी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए उनके प्रोन्नति का निर्णय लिया। सहयोगी के रुप में सत्यदेव पांडे, अजय कुमार शर्मा, पूजा तिवारी, इलमा आफरीन, कीर्ति सिंह और उजाला गुप्ता शामिल रहें।


ताइक्वांडो परीक्षा में चयनित खिलाड़ी और अधिकारी

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट चयनित खिलाड़ी

व्हाइट टू एलो बेल्ट : प्रांजल, तनुस साहू, हर्ष सिंह, अंश, आरुषि, हरम आरिफ, शाहीबा, पलक, अनन्या, अन्वेषा, अनन्या यादव, सौम्या, राजवीर, रौनक, वेदान्त, मानवेन्द्र, आराध्या, माही, भार्गवी, रिद्धि, शिवम, हेमंन्त, विलियम, प्रिंस राज, सत्यम, अभी, शगुन, सिद्धार्थ राय, एंजल गुप्ता, अविष, मनस्वी, तेजस्वी, सर्वेश, निधि, आनंद, श्री चौरसिया, मनीषा, ऊष्मा, अर्पिता, शिवांश, अमृता, गरिमा, नावैद्या, प्रभा, रिदा, इशिता, सौम्या, सौम्या सिंह, तेजस्वनी, तान्या, आर्यन, मो. कासिम, आदित्य, प्रतीक व राज बिंद। **येलो टू ग्रीन बेल्ट** : अर्पित, विशाल, आराध्या, देवेंद्र नाथ, अरिहंत, तनवी जायसवाल, नव्या, आदित्य राय। ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट : स्वास्तिक, इनेश, स्वर्णिमा, सिद्धार्थ पाल, देवानंद व शुभ श्रीवास्तव। ब्लू टू ब्लू वन : आनंद राज यादव, आदित्या तिवारी बनें।

## ऑनलाइन फ्रॉड : पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना और साइबर क्राइम सेल की टीम ने 01 लाख 33 हजार 194 रुपए ऑनलाइन फ्राड करने वाले अभियुक्त सफी हैदर को दबोच लिया है। निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने मुखबीर की सूचना पर नोनहरा थाना के सुसुण्डी गांव निवासी अभियुक्त सफी हैदर पुत्र एह-तेशाम हैदर को बीते शनिवार को बैंक सुसुण्डी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से मोबाइल व 2130 रूपया नगद बरामद किया है।

# पति का सहकर्मी से हो गया संबंध रिश्ते में आयी कड़वाहट

## परिवार परामर्श केंद्र पर पांच मामलों का मौके पर निस्तारण

**गाजीपुर।** पुलिस लाइन्स के प्रांगण में परिवार परामर्श केंद्र पर कुल आठ परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। जिसमें सात परिवारों की विदाई हुई।

सदर कोतवाली के सट्टी मस्जिद सैयदवाड़ा निवासी गुलशन नसरीन पत्नी सईद आलम की शिकायत थी कि उसके पति का संबंध पहले अच्छा था। जिससे एक पुत्री पैदा हुई बाद में वह अत्यधिक शराब पीने लगे, जिसके कारण हम लोगों के बीच दूरियां बढ़ती गई। दोनों लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। सैदपर थाना सराय अली खान गांव निवासी अंजली प्रजापति पत्नी अजीत प्रजापति की शिकायत थी कि उसके पति व ससुराल के लोग दहेज के लिए हमेशा मारते पीटते थे। इसी प्रकार कासिमाबाद थाना तरोती गांव निवासी ममता देवी पत्नी हरिओम की शिकायत थी कि उसके पति व सास-ससुर अकारण ही उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। ऐसा ही मामला नोनहरा थाना के साथीपुर गांव निवासी ज्योति सरोज पत्नी महातिम सरोज का आरोप था कि सॉस हमेशा उसके साथ मारपीट करती रहती है। वहीं मरदह थाना के बिजौरा गांव निवासी पूजा भारती पत्नी राजेश भारती का कहना था कि उसके पति पड़ोसन भाभी की सुनकर उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। अफसाना पत्नि अब्दुल अंसारी निवासी सैदाबाद थाना जमानिया की शिकायत थी कि ।उसके पति फरीदाबाद में नौकरी करते हैं। वहां पर अपने सहकर्मी के साथ संबंध हो गया है। जिसके कारण हम लोगों का परिवारिक रिश्ता नहीं बन पाता है। नंदगंज के सिरगिथा निवासी गुड़िया पत्नी राहुल गुप्ता की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा शराब पीकर हमेशा मारते पीटते रहते हैं। सभी लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। एक पारिवारिक विवाद में दोनों पक्ष उपस्थित नहीं थे इनके लिये निस्तारण की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई। प्रकरणों के निस्तारण में सरदार दर्शन सिंह, सरिता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ राम, सोनिया सिंह, विक्रमादित्य मिश्र, आरक्षी आलेश कुमार महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग उपस्थित थे।

# आक्रोशित किसानों ने पंप कैनाल पर किया प्रदर्शन


गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पत्रक देते किसान

**बारा।** गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी निकासी न होने से ओवरफ्लो होकर पानी किसानों के खेतों में घुस गया। दर्जनों किसानों की फसल जलमग्न हो गई । नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के प्रति विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी की निकासी न होने से पानी ओवरफ्लो होकर बारा के दर्जनों किसानों की खेतों में पहुंच गया। इससे फसल जलमग्न हो गई है। चार दिन बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंच कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान के लिए कैनाल पर उपस्थित कर्मचारियों को पत्र सौंपा। किसानों ने चेताया कि यदि जल्द ही बर्बाद हुए फसलों का मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर रामनाथ कुशवाहा, हिरेंद्र यादव, एखलाक साह, फकरुद्दीन खान, फैयाज खान, बारीक खान, गोरख कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, नवाजिद उर्फ सोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के भद्रसेन गांव में घर के अकेले रहने वाले एक युवक ने अज्ञात परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जब वो काफी समय तक बाहर नहीं निकला तो लोगों को शक हुआ। घर भी अंदर से बंद था। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कांस्टेबल अजीत यादव ने किसी तरह से दरवाजे को खोला, तो सभी अंदर पहुंचे। जहां गांव निवासी उपेंद्र कुमार 27 पुत्र पारस नाथ की लाश फंदे पर लटके थे। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि उपेंद्र कुमार तीन भाईयों में सबसे छोटा था और घर पर अकेले ही रहता था। उसके घर के बाकी सभी सदस्य बैंगलोर में रहते थे। बताया कि उसकी शादी आगामी मई माह में तय थी। उसने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों की आशंका है कि संभवतः शादी को लेकर कुछ विवाद हुआ हो।

# नालियां टूटीं, सरकारी नलकूप बेकार

## खेतों की सिंचाई के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे किसान, पंपिंगसेट से फसल को सींचना पड़ रहा महंगा

**गाजीपुर।** जिले में सरकारी नलकूपों की टूटी नालियां किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। इन नालियों को दुरुस्त करने के लिए विभाग के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। इसके चलते कई गांवों में नलकूप ठीक होने के बाद भी बेकार पड़े हैं।

जिले के 16 विकास खंडों में आठ सौ के करीब सरकारी नलकूप हैं। आबादी के हिसाब से कई ऐसे गांव हैं, जहां पर दो-दो नलकूप हैं, ताकि किसान आसानी से सिंचाई कर सकें। हालांकि, हकीकत यह है कि सरकारी नलकूपों के भरोसे किसानों के खेतों को पानी नहीं नसीब हो पा रहा है।

अभिलेखों में सभी नलकूप ठीक हैं और चलते भी हैं। इन पर कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी नलकूपों की नालियां क्षतिग्रस्त हैं।

दशकों पहले बनी नालियों कर मरम्मत की सुध विभाग नहीं ले रहा है। इस कारण किसानों को निजी संसाधनों से ही फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, जो उनके लिए महंगी पड़ती है।


सुहवल स्थित बंद पड़ा राजकीय नलकूप

### किसान बोले, नलकूप चलता तो आसान होती सिंचाई

नाली टूट जाने के कारण अब हम लोग नलकूप से पानी नहीं चलाते हैं। पंपिंगसेट का सहारा ले रहे हैं। नाली की मरम्मत हो जाए तो सिंचाई करने में आसानी होगी और रुपये भी अधिक नहीं लगेंगे। - सुशील कुमार पांडेय, किसान

नाली टूटने से सिंचाई नहीं हो पा रही है। सरकारी नलकूप से सिंचाई करने में आसानी होती। कई जगहों पर नाली का पता ही नहीं है। इसके चलते दूसरे संसाधनों से सिंचाई करनी पड़ती है। - अखिलेश सिंह, किसान

## रेवतीपुर ब्लॉक के 74 में से 22 नलकूप बंद

**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लॉक में कहने को तो 74 राजकीय नलकूप है। मगर 22 राजकीय नलकूप में से आठ की बोरिंग वर्षों से फेल है,जबकि अन्य विभिन्न तांत्रिक दोष से बंद पडे हुए है। ऐसे में खेतों में बोई गई फसलों के समय से सिंचाई की मुहिम सफल होती नहीं दिख रही है। किसान मजबूरी में निजी नलकूपों के जरिए खेतों की सिंचाई को मजबूर है। कहने को तो इलाके में नलकूपों का जाल बिछाया गया है।मगर इसका पूरा लाभ किसानों को समय से नहीं मिल पाता। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक नलकूप के सिंचाई की क्षमता करीब 25 एकड है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के 65 जेडक्यू रेवतीपुर, 93जेडजी हसनपुरा, 33जेडजी नसीरपुर,13जेडजी नवली, 72 जेडक्यू नवली,58 त्रिलोकपुर, 59 जेडक्यू तिलवां, 46जेडक्यू मधुचक नलकूपों की बोरिंग करीब चार वर्षों से फेल है। इसके अलावा बहुत ऐसे भी नलकूप है जो विद्युत दोष, पाइपलाइन दोष आदि के चलते बंद है। इस संम्बन्ध में जब राजकीय नलकूप खण्ड प्रथम के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि जल्द ही खराब नलकूपों को दूरस्त करा दिया जायेगा।

किसानों का कहना है कि डीजल के बढ़े दाम के चलते उनकी खेती की लागत भी बढ़ गई है। इससे काफी दिक्कत हो रही है। नालियां तोड़कर बना दी गई सड़क काफी पहले गांवों में सरकारी नलकूपों की नालियों के लिए जगह छोड़ी गई थी। नालियां टूट जाने के कारण ऐसी जगहें संकरे रास्ते का रूप ले चुकी हैं। इन जगहों पर कब्जा भी हो चुका है। इसके कारण ऐसी जगहों पर अब नाली बनवाना मुश्किल हो गया है।

## नादी ने रामगढ़ को हराकर जीता खिताबी मुकाबला

**चहनियां।** सरस्वती इंटर कालेज टाण्डाकला के खेल मैदान पर मंयक स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाईनल मैच रविवार को नादी व रामगढ के बीच खेला गया। जिसमें नादी ने रामगढ को 2-0 से हरा खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। मुख्य अतिथि शक्ति सिंह, विशिष्ट अतिथि दुर्गेश पांडेय, आनन्द तिवारी सोनू ने विजेता टीम को ट्राफी व 10000 रुपए नकद, उपविजेता टीम को ट्राफी व 5000 रुपए नकद देकर पुरस्कृत किया गया। लोगों को सम्बोधित करते हुए आनंद तिवारी सोनू ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धात्मक तौर पर खेलने से प्रतिभाओं में उभार आता है। शक्ति सिंह ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को उकेरने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण होती है। दुर्गेश पांडेय ने कहा कि भारतीय खेल परम्पराओं को जीवंत बनाने में युवाओं की सहभागिता प्रशंसनीय है। आयोजक अमित सिंह सोनू, अनिल यादव व सन्तोष सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अमरीष सिंह,जिपंस रविन्द्र यादव, प्रधान पारस मौर्य, रामाशीष यादव, कमलेश यादव, महेन्द्र यादव, धर्मेंद्र भारद्वाज, ट्विंकल सिंह, डाक्टर संजय सिंह, अमित पांडेय, के. एन. पांडेय, राजमणि पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोले बाबा, कमेंटेटर सुरेन्द्र नाथ व अरविन्द और रेफरी विनोद राम रहे।

# संत शिरोमणी रविदास की हर्षोल्लास से निकली झांकी

**सकलडीहा।** संत शिरोमणी रविदास जी की 645 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम क्षेत्र भर में मनाई गई। इस दौरान रविदास अनुयायियों द्वारा गाजा बाजा के साथ विभिन्न प्रकार की झांकी निकाला गया। देर शाम तक लोग नाचते गाते हर्षोल्लास के साथ जयंती समागम में शामिल रहे। कस्बा के आम्बेडकर नगर से संत रविदास की विभिन्न प्रकार की झांकी निकाली गयी। पूरे कस्बा में भ्रमण करते हुए पुनरू रविदास मंदिर पर समापन हुआ। इस दौरान सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अरविंद कुमार प्रतिनिधि राजेश सेठ ,राजनाथ पहलवान, मोनू चैधरी,सुरेन्द्र, जितेन्द्र चैधरी, किशोरी मास्टर, बीरेन्द्र, दुलारे, दीप चैधरी, गुरूदेव साधू,कमला, डा.आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र में संत रविदास के रूप में निकाली गई झांकी।

## पुलिस ने तमंचा व कारतूस संग बदमाश को दबोचा

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय पुलिस द्वारा अपराधियों धरपकड़ को लेकर जगह जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुगलसराय कोतवाली पुलिस को उस समय सफलता मिली जब मुखबीर की सूचना पर शनिवार की रात एक शातिर अपराधी को रेलवे डाट पुल पड़ाव के पास से गिरफ्तार किया है। तलासी लेने पर पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व दो कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम अकबर साह उर्फ हैदर पुत्र स्व इम्तियाज शाह निवासी ग्राम सेमरा थाना मुगलसराय बताया है। रविवार को खुलासा करते हुए मुगलसराय कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त एक शातिर बदमाश है और कई मुकदमे में वांछित है।

## पुण्यतिथि की तैयारी शुरू

**सकलडीहा।** क्षेत्र के बहरवानी आत्मानुसंधान केंद्र कल्याणपुर में आगामी 7 फरवरी को श्री श्री 1008 श्री स्वामी भोलानंद जी महाराज परमहंस की पुण्यतिथि है। इस मौके पर दूर दराज से सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिये आते है। पुण्ड तिथि कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर भजन कीर्तन के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है।



































# औद्योगिक माहौल के अनुकूल है जनपद चंदौली: डॉ.महेंद्रनाथ

**आयोजन**

**जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट में 11726 करोड़ का निवेश प्राप्त**

**चंदौली।** प्रदेश स्तर पर आयोजित हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत रविवार को जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में उद्योग लगाने के लिए स्थानीय उद्यमियों के साथ ही प्रदेश व देश के उद्यमी शामिल हुए 184 निवेशकों द्वारा 11726 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुआ है। जिसके एमओयू शासन द्वारा निर्गत किये जा चुके हैं। इन निवेश के माध्यम से जनपद में लगभग 57 हजार से अधिक के नये रोजगार सृजित होंगे।

इस अवसर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र पांडेय ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार लोक कल्याणकारी कार्यों के साथ ही उद्योग निवेश एवं रोजगार स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योग लगाने हेतु 30 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी दे रही है। कहा कि उद्योग लगाने के लिए जो भी सुविधाएं चाहिए जनपद में सभी उपलब्ध है। चन्दौली औद्योगिक माहौल के अनुकूल है। यहां सड़क, बिजली, पानी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलमार्गों की बेहतर सुविधा के साथ ही अब जलमार्ग की भी सुविधा उपलब्ध है। जनपद में निवेश हेतु अनुकूल वातावरण है। उन्होंने निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक उद्यमी जनपद में निवेश करें, अपना उद्योग लगाये। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सोच को पूरा करने के लिए और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने हेतु अधिक से अधिक निवेश करने और उद्यम लगाने का आह्वान करते हुए निवेशकों शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ईशा दुहन ने कहा कि जनपद में औद्योगिक निवेश का अनुकूल वातावरण है। जनपद का लोकेशन एवं कनेक्टिविटी अत्यंत बेहतर है। यहां सड़क राजमार्ग रेल मार्ग आदि के बेहतर संसाधन उपलब्ध है। कहा कि टूरिज्म इंडस्ट्री में यहां अत्यंत संभावनाएं हैं जिन को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए प्रभावी रूप से प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के सहूलियत व सहायता हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। जनपद में उद्यमियों हेतु अनुकूल वातावरण है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक उद्यमी एवं निवेशक जनपद में निवेश करें व उद्योग लगाएं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने उद्यमियों को जनपद में निवेश करने व उद्यम लगाने हेतु सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए विधायक मुगलसराय रमेश, के. एन. पांडेय, एवं यूपीसीडा के एसीईओ प्रेम प्रकाश मीणा ने भी बेहतर निवेश के लिए निवेशकों से अपील की। इस दौरान जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंदौली का लोगो एवं पर्यटन विभाग चंदौली की वेबसाइट को लॉन्च किया गया।



उद्यमियों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय।

# योगी सरकार ने यूपी से किया भ्रष्टाचार का खात्मा

**बोले डा.महेंद्रनाथ**

**राजदरी सभागार में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन**




राजदरी सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय।

**चकिया।** चंद्रप्रभा वन्य जीव विहार में स्थित राजदरी सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्र नाथ पांडेय और जनपद की प्रभारी मीना चौबे ने शिरकत किया। बैठक में जनपद के विकास से संबंधित दिए गए प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री द्वारा अनुमोदन किया गया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र प्रदेश की भाजपा सरकार देश को आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाया है। देश की सीमाएं सुरक्षित है। प्रदेश की योगी सरकार में भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का सफाया हो चुका है। बेटियां सुरक्षित अब कहीं आ जा सकती हैं। उन्होंने कहा विधायक कैलाश आचार्य की पहल पर शासन ने चंद्रप्रभा बाद के पुनरुद्धार के लिए 12 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जनपद की प्रभारी मंत्री मीना चैबे ने कहा कि पूर्व ही सपा और बसपा की सरकारों में भ्रष्टाचार चरम पर था। हर तरफ अराजकता का माहौल, दंगे महिलाओं पर अत्याचार हो रहे थे। विकास के के नाम पर जनता को छला जा रहा था। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में सुरक्षित माहौल व्याप्त है। बैठक को विधायक सुशील सिंह ,कैलाश आचार्य, रमेश जायसवाल और जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव के अंतर्गत जनपद के विकास से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसका उपस्थित लोगों के समर्थन करने के बाद केंद्रीय मंत्री द्वारा उसका अनुमोदन किया गया। बैठक में छत्रबली सिंह, दीनानाथ शर्मा, शमशेर सिंह, ब्लाक प्रमुख अजय सिंह, सुड्डू सिंह, शंभू नाथ यादव, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, नागेश पांडेय,के. एन. पांडेय, गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## संक्षेप

### श्रोताओं ने सुनी रामावतार व कृष्णावतार की कथा



तेनुवट गांव के ठाकुरवाणी में भागवत कथा कहते श्रवण दास जी महाराज।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के तेनुवट गांव में संत सुनील मिश्रा के तत्वावधान में रविवार को चैथे दिन श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। काशी से पधारे भागवताचार्य पीठ के पीठाधीश्वर भागवत भूषण डा.श्रवण दास महाराज ने रामावतार व कृष्णावतार पर विस्तार से सुनाया। इस दौरान भगवान के जन्म पर रोचक झांकी प्रस्तुति देख श्रोता झूम कर नाचे गाये। भागवत भूषण ने संगीत में कथा के द्वारा अपने गूढ़ ज्ञान को सरलता से भक्तों के बीच में रखते हुए कहा कि भगवान का जो उत्सव मानता है। इसके यहां निरंतर उत्सव होता है। भगवान को लगातार कृपा बरसती रहती है। संगीत में संगत कर रहे कलाकारों ने अपनी कला एवं बधाई गीतों से सबको ठुमकने को मजबूर कर दिया। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को सुनने के लिये शाम चार बजे से रात आठ बजे तक श्रोता डटे रहते है। इस मौके पर श्रोता के रूप में संत सुनील मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, अखिलेश पांडेय, पंकज, राजीव सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

### सड़क पर फैली गिट्टियों पर गिरकर लोग हो रहे घायल



बदहाल सड़क पर फैली गिट्टी।

**कंदवा।** क्षेत्र के रेवसां भदखरी सहित कुछ अन्य संपर्क मार्गों की स्थिति बेहद खराब है। इन मार्गो पर पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। आए दिन गिरकर लोग चोटिल होते रहते हैं। सैयदराजा जमानियां मुख्य मार्ग से जुडा रेवसां गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग बेहद खराब स्थिति मे है। मार्ग पर जगह जगह बने गड्ढे व फैली बेतरतीब गिट्टियां दो पहिया वाहन चालकों सवारों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। यही नहीं मार्ग से गुजरने वाले पैदल राहगीर भी वाहन से छिटकने वाली गिट्टियों से चोटिल होते रहते हैं। वहीं महुंजी से भदखरी मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है।मार्ग पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं जिसमें गिरकर बाइक चालक आए दिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं। मार्ग पर पैदल चलना भी खतरनाक साबित हो रहा है। गांव के कौशल, अरुण, मनोज, बिनोद सहित अन्य द्वारा उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मरम्मत की मांग की गई है।

### महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

**पड़ाव।** भूपौली मार्ग स्थित बंधा पर रोड के किनारे रविवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। राहगीरों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप श्रीवास्तव ने शव को अपने कब्जे में लेकर चौकी ले आये और शिनाख्त करने पर मुगलसराय शाहकुटी निवासी सुधा जायसवाल के रूप में हुआ, वहीं पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक के मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

# मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** टिमिलपुर गांव में बिजली की शार्ट सर्किट से शनिवार की देर शाम सात बजे करीब अर्जुन राजभर के रिहायसी मकान में आग लग गयी। देखते देखते आग विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया सब कुछ जलकर राख होगया। सूचना के घंटों बाद भी फायर बिग्रेड की टीम के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने परिवार जन को मदद दिलाने की मांग किया है। गृहस्थी का सारा सामान जल जाने से परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।

टिमिलपुर गांव में स्व. बालकरन राजभर के पुत्र अर्जुन राजभर अपने परिवार के साथ रहता है। शाम को सात बजे करीब अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से घर में रखा पुआल सहित अन्य सामान धूं धूंकर जलने लगा। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर विग्रेड को सूचना दिया। घंटों देर बाद भी टीम के नही आने पर ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग पर काबू पाया। जबतक दर्जनो बखत्त, मुर्गी, करीब दो कुंतल चावल, गेहूं, घर का सारा गृहस्थी का सामाग्री बेड, विस्तरा, साड़ी कपड़ा बर्तन सहित खाद सामाग्री जलकर राख होगया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और फायर बिग्रेड की लापरवाही पर जमकर आक्रोश जताया। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस मौके पर लेखपाल प्रदीप सिंह, एसआई मनेश शंकर द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार ,अमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



टिमिलपुर गांव में धू धूंकर जलता अर्जुन राजभर का मकान।

### सुकन्या समृद्धि योजना जागरूकता के लिए लगा कैंप

**चहनियां।** भारत सरकार की बालिका समृद्धि के लिए चलाई जा रही अति महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना के लाभ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा रविवार को मारूफपुर स्थित बाबा रामकृष्ण जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधानपति मारूफपुर श्रवण यादव थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत सरकार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास कर रही । जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान के परिवार की बालिका को भी मिले इसके लिए डाक विभाग का प्रयास सराहनीय है। डाक विभाग के एसडीओ एसके सिंह ने कहा कि कामगार तबके के लिए यह योजना रामबाण है। इसके द्वारा बालिकाओं के भविष्य को संवारने के प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर नरेंद्र प्रधान, पूर्व प्रधान सुदर्शन यादव, पूर्व प्रधान वीरेंद्र यादव, बीडीसी प्रमोद यादव, आकाश विधायक, कुलदीप नेता, हरिश्चंद्र पाल, नीलम देवी आदि लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता पूर्व प्रधान दशमी यादव और संचालन राकेश रौशन ने किया।

# जीआरपी ने दो युवकों को पकड़ा, भारी मात्रा में रुपये बरामद



घटना का खुलासा करती जीआरपी पुलिस।

**डीडीयू नगर।** जीआरपी पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्ति के पास से 38 लाख 53 हजार रुपये के साथ धर दबोचा बताया जा रहा है कि दोनों वाराणसी से सोने चांदी काम करते है। फिलहाल जीआरपी दोनों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल जीआरपी पुलिस व आरपीएफ को डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1/ 2 स्लोपिंग सीढ़ी के पास से दो व्यक्ति बैग के साथ दिखे और पुलिस टीम को देखकर घबराने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर जब जीआरपी पुलिस ने व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई तो पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस युवक और बैग को लेकर जीआरपी लेकर पूछताछ किया गया तो एक ने अपना नाम अमरेंद्र कुमार पुत्र संकर प्रसाद सोनीवार्ड नं 33 देहरी बिहार और दूसरे ने राजकुमार वर्मा पुत्र स्व अनिल कुमार वर्मा विचली रोड महाजन टोली आरा बिहार का है। यह पैसा वह वाराणसी से बिहार लेकर जा रहा थे।

# हिंदुत्व की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य: चिदम्बरानन्द



महामंडलेश्वर को स्मृति चिन्ह देते प्रधान आशुतोष सिंह।

**चहनिया।** क्षेत्र के हुदहुदीपुर में औघड़ की मड़ई पर महामंडलेश्वर सन्त चिदंबरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि हमारे समाज को अपने हिंदुत्व की रक्षा करनी चाहिए और हमको जातियों में बांटा गया है। हम एक हैं हम हिंदुस्तानी हैं। हम भारतीय है।

अगर कोई पूछता है। हमारी जाति और हमारा धर्म ही बोलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। हम हिंदू हैं। उसके बाद भजन से पूरे माहौल को गदगद कर दिया। हर समाज के नया संदेश भी दिये कि जब हम भगवान और संत की शरण में रहेंगे तभी हमारा भविष्य और हमारे जीवन का कल्याण होगा और हमारे समाज और परिवार और देश की रक्षा होगी। नहीं तो सभी समाज नशे की वातावरण में बहता जा रहा है। आप सभी लोग शपथ ले कि आप लोग नशे से हमेशा हमेशा के लिए दूर रहेंगे और अपने परिवार और गांव और समाज और देश की रक्षा करेंगे। ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह व विशंभर नाथ त्रिपाठी ने म्हाण्डलेश्वर व सभी साधु संत को वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

### विश्वकर्मा मंदिर कमेटी फत्तेपुर की हुई बैठक

**चंदौली।** ग्राम सभा फत्तेपुर में चल रहे भगवान विश्वकर्मा मंदिर के निर्माण कमेटी की बैठक रविवार मंदिर परिसर में हुई। इसमें निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर समाज के संभ्रांत लोगों के बीच बृहद चर्चा की गई। इस दौरान श्रीकांत विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मंदिरों का निर्माण कराकर हमें संस्कार और आस्था से जोड़ने का कार्य किया है। साथ ही साथ समाज की एकजुटता की दिशा में भी यह बहुत ही क्रांतिकारी कदम रहा है।

लेकिन आज हम अपने पूर्वजों द्वारा दिए हुए विरासत को नहीं संभाल पाए जिसके कारण ही समाज को एक सूत्र में बांधने वाले यह मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में चले गए। इस दौरान महेंद्र विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, डा. शिवनाथ विश्वकर्मा, भोलानाथ विश्वकर्मा, डा.जीउत बंधन विश्वकर्मा, जमुना विश्वकर्मा, नामवर विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# सर्विस रोड की नालियों में जलभराव से लोगों में संक्रमण का खतरा

जनसंदेश न्यूज



नगर में सर्विस रोड के किनारे खुली नाली व उसमे जमा कचरे से पनपती गंदगी

**चंदौली।** नेशनल हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग दो जो कि सबसे व्यस्त राजमार्गों में माना जाता है। और नगर की जान नेशनल हाईवे की सर्विस लेन मानी जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि नगर का बाजार और व्यापार नेशनल हाईवे की सर्विस लेन पर ही टिका है। उक्त सर्विस रोड से पूरे दिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते है। और आस पास के क्षेत्रीय लोग खरीदारी करने आते हैं। जिसकी बदौलत नगर में चहल- पहल रहती है। तथा आस पास के इलाकों के अधिकतर छोटे बड़े व्यापारी नेशनल हाईवे की सर्विस लेन के बगल व्यापार भी करते हैं ।

लेकिन सर्विस लेन में बनी नालियों में हमेशा जलभराव रहता है। और उसमे पनपती गंदगी से एक तरफ जहां स्थानीय व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ राहगीरों को भी संक्रमण बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। नेशनल हाईवे की सर्विस लेन में लगातार जलभराव होने से तमाम तरह के कीटाणु एवं मच्छर पनपते हैं। जिसकी वजह से लोगों और उनके बच्चों में संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। लोगो की माने तो शिकायत के बावजूद समस्या का नहीं हुआ समाधान नही हो रहा है। नगर की सर्विस लेन में जलभराव होने का मामला सालों से चल रहा है। कभी कभी नगर पंचायत द्वारा सफाई के नाम पर कोरामपूर्ती कर के छोड़ दिया जाता है। यही नही नाली बनाने व तोड़ने का कार्य पिछले एक वर्ष से चल रहा है । फिर भी इसको दुरुस्त नही किया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है की एनएचआई संस्था द्वारा जल निकासी की व्यवस्था बगैर किए पुरानी नाली को तोड़ दिया जाता है। जिसकी बदौलत यह समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस समस्या की शिकायत एनएचआई के बड़े अफसरों तक की गई। बावजूद किसी भी अधिकारी ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। इससे आस पास के लोगो में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। और पानी निकासी की समस्या बरकरार रहती है।

# श्रद्धालुओं ने बाटी चोखा का भगवान शिव को लगाया भोग

जनसंदेश न्यूज

**पड़ाव।** क्षेत्र के साहू पुरी स्थित माघ पूर्णिमा के दिन दूरदराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने बाटी चोखा बना कर भगवान शिव को भोग लगाने के पश्चात प्रसाद के रूप में ग्रहण किया इस दौरान शिव मंदिर का पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से भरा हुआ था चारों तरफ बाटी चोखा बना रहे आग से उठ रहा धुआ ही धुआ नजर आ रहा था।

विदित हो कि कथा अनुसार महाभारत काल के महर्षि वेदव्यास जी काशी में घूमने आए हुए थे जहां पर 3 दिनों तक बिना अन्य के घूमते रहे किसी काशीवासी ने अन्य ग्रहण करने के लिए नहीं पूछा नाराज ऋषि ने काशी वासियों को दरिद्रता का श्राप देकर गंगा दूसरे पार सुंदरवन में आकर गंगा तट पर अपनी कुटिया बनाकर शिवलिंग स्थापित कर तप में लीन हो गए उधर दूसरी तरफ काशी वासियों के बीच दरिद्रता छाने लगी चारों तरफ त्राहिमाम त्राहिमाम होने लगा यह सब देख शिवजी ने माता अन्नपूर्णा देवी की दो पुत्रियों चंडी और तारा को भेज कर ऋषि को अन्य ग्रहण कराने के लिए आग्रह किया हठी ऋषि ने शिवजी को आने के लिए आह्वान किया तत्पश्चात मां अन्नपूर्णा देवी ने बाटी चोखा बना कर ऋषि को ग्रहण करने के लिए कहा ऋषि में बाटी चोखा का भोग शिवजी को लगाया तत्पश्चात प्रसाद के रूप में खुद भी ग्रहण किया इस दौरान मौके पर शिवजी भी पहुंचकर काशी वासियों के ऊपर छाए दरिद्रता का मुक्ति दिलाने के लिए कहा ऋषि ने कहा काशीवासी यहां पर आकर बाटी चोखा बनाने के पश्चात भगवान शिव को भोग लगाकर खुद प्रसाद के रूप में ग्रहण करें तो उनकी दरिद्रता समाप्त हो जाएगी तभी से माघ माह में उक्त स्थान पर बाटी चोखा बना कर भोग लगाने के पश्चात प्रसाद के रूप में खाने और खिलाने का प्रचलन चल रहा है जबकि आज वर्तमान समय में चंडी और तारा के नाम पर चांदी तारा गांव है।



शिव मंदिर प्रांगण में बाटी चोखा बनाते श्रद्धालु।

# माघी पूर्णिमा पर सैकड़ों ने लगायी आस्था की डुबकी



बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु।

**चहनियां।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। स्नान दान का सिलसिला भोर से ही चलता रहा। माघी पूर्णिमा का लोगो ने परम्परा का निर्वहन किया। घरों में भी पूजन अर्चन हुआ। धार्मिक शास्त्रों में बताया गया है कि माघ पूर्णिमा के दिन स्नान व पूजन अर्चन से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान वासुदेव की कृपा से व्यक्ति को सुख,सौभाग्य,धन व संतान की प्राप्ति होती है। और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास भगवान बिष्णु को अति प्रिय है। शास्त्रों के अनुसार श्री हरि गंगा जल में वास करते है। इसलिए इस दिन गंगा में स्नान करने का विशेष महत्व होता है। यह पूरे माघ महीने के स्नान ,दान, पुण्य, जाप एवं तप का आखिरी दिन है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन चंद्रदेव अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर पृथ्वी पर अमृत की वर्षा करते है। इस दिन मां सरस्वती के स्वरूप ललिता महाविद्या की जयंती भी है। स्नान समस्त रोगों का नाश करके दैहिक, दैविक व भौतिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है। स्नान के पश्चात लोग घाट पर ब्राह्मणों व भिक्षुओं को दान किया। घरों में भी विधिवत ब्राह्मणों के द्वारा पूजन अर्चन किया। मंदिरों में भी पूजा किया गया।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष बने राकेश शर्मा



चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**चंदौली।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का वार्षिक चुनाव रविवार को शंकर मोड़ स्थित एक निजी विद्यालय में संपन्न हुई।इसमें पूर्वी अध्यक्ष करुणापति तिवारी के देखरेख में राकेश शर्मा को पुनः जिलाध्यक्ष व निजाम बाबू को जिला महामंत्री पद पर चयनित किया गया। इस पर मौजूद पत्रकारों ने माला पहनाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान राकेश शर्मा ने कहा कि हम पत्रकार साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेंगे और उनके सुख दुःख में हमारी हमेशा से सहभागिता रहेगी। महामंत्री निजाम बाबू ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में किसी भी पत्रकार का शोषण नही होने देंगे।

वही पत्रकारो के सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे संगठन की है। पूर्वी अध्यक्ष करुणापति तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रीय है और ट्रेड यूनियन से जुड़ा है। जिसमें हजारों पूरे देश के पत्रकार जुड़े है और हम जल्द ही पत्रकार सुरक्षा की मांग करते हुए जो भी पत्रकार हित मे होगा इसका लाभ दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान कृष्ण मोहन गुप्ता,रामचन्द्र जायसवाल, कृष्णकांत गुप्ता, मानवेन्द्र जायसवाल,अमीय पाण्डेय,प्रीतम जायसवाल,धर्मेंद्र,घूरेलाल कन्नौजिया,गोविंद प्रजापति, प्रेमनाथ शर्मा,मौजूद रहे।

# हे मां बसंत आयो री...

## पं. साजन मिश्र व अन्य कलाकारों ने पेश किया गायन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिडबी व स्पिक मैके उत्तरप्रदेश के द्वारा रविवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम रस बनारस का आयोजन हुआ। जिसमें शहनाई की मधुर धुन के साथ स्वर ताल के अद्भुत संगम में श्रोताओं ने खूब गोते लगाए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एस. राजलिंगम विशिष्ट अतिथि सीएमडी एस.रमण सहित अतिथि कलाकारों ने दीप प्रज्वलित कर किया।



मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान स्पिक मैके के चेयरपर्सन यू.सी. सेठ एवं डॉ मधु शुक्ला ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम ओढ़ा कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं संजीव शंकर एवं पं अश्विनी शंकर बन्धुओं के शहनाई के मधुर धुन के साथ हुई। तत्पश्चात पद्मभूषण पं साजन मिश्र एवं पं स्वरांश मिश्र का शास्त्रीय गायन हुआ। शुरूआत पं स्वरांश मिश्र के अघोरी चालीसा से हुआ।

तत्पश्चात पं साजन मिश्र ने राग झिंझोटी में हे महादेव महेश्वर जटाजूट त्रिनैन भोलेनाथ सुनाया। तत्पश्चात हे मां बसंत आयो री सुनाया। उनके साथ तबले पर पं संजू सहाय, सारंगी पर विनायक सहाय हारमोनियम पर पं धर्मनाथ मिश्र ने संगत की। अंत में विशाल कृष्ण के कत्थक नृत्य ने सभी के मन को मोह लिया। स्पिक मैके की स्टेट कोर्डिनेटर डॉ मधु शुक्ला ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्रम ओढ़ा कर सम्मानित किया।

# संगठन की मजबूती के लिए रेल कर्मियों को जोड़ेंगे

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के बैनरतले आयोजित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की बैठक रविवार को आयोजित की गयी। सभी ने संगठन को और गति देने की बात दोहरायी। जेड ए खान ने कहा कि अपनी आवाज को रेलवे के अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए संगठन को और मजबूत करना होगा।

बताया कि आगामी बैठक सात मार्च को आयोजित की जायेगी, जिसमें रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी समस्याओं जैसे सेवानिवृत्त के पश्चात भी अंतिम माह का वेतन दो तीन माह बीत जाने के बाद भी भुगतान ना होना सहित अन्य समस्या है, बताया कि आने वाले समय में पूर्वोत्तर रेलवे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इस संगठन में जोड़ते हुए संगठन को और मजबूत करेंगे, बैठक में बसंत राय, विनोद कुमार अवस्थी, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# काशी प्राचीन काल से ज्ञान की केंद्र बिंदु : प्रो. गेशे नवांग समेतन

**वाराणसी।** काशी- वाराणसी विरासत फाउंडेशन की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय काशी-वाराणसी साहित्य महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को दो अकादमिक सत्रों एवं समापन समारोह का आयोजन मुंशी प्रेमचंद स्मारक, लमही में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी थीं। अध्यक्षता प्रो गेशे नवांग समेतन कुलपति तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय सारनाथ ने की। बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कालजयी रचना तुलसीदास कृत रामचरितमानस को समाज में प्रचारित करने की जरूरत है। रामचरितमानस में भारतीय साहित्य की एक अनोखी विधा का दर्शन देखने को मिलता है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. गेशे नवांग समेतन ने कहा कि काशी में साहित्य का उत्सव हजारों वर्षों से चली आ रही है। ज्ञान का केंद्र बिंदु प्राचीन काल से काशी रही है। यहां संवाद की समृद्ध परंपरा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि साहित्य कभी भी पुराना नहीं होता।

विशिष्ट अतिथि प्रो. कल्पलता पांडेय कुलपति जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया ने विजय दान देथा के साहित्य का जिक्र करते हुए नई शिक्षा नीति में साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। महोत्सव के संयोजक प्रो. राममोहन पाठक ने त्रिदिवसीय महोत्सव का समाहार प्रस्तुत करते हुए कहा कि महोत्सव का उद्देश्य साहित्यिक विरासत को संरक्षित एवं आधुनिक परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुवे विस्तार देने की आवश्यकता है।

महोत्सव के तृतीय दिवस चतुर्थ एवं पंचम अकादमिक सत्रों का आयोजन किया गया। जनमाध्यम एवं पत्रकारिता विषयक सत्र में प्रो राघवेंद्र मिश्र ने कहा कि भारतीय पत्रकारिता और पश्चिम की पत्रकारिता के प्रारंभकर्ता साहित्यकार नहीं थे।

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ किंशुक पाठक ने कहा कि शुद्धतावादी दृष्टिकोण में पत्रकार और साहित्यकार कोई भेद नही मानता है। अकादमिक सत्रों में प्रो. संजय रानाडे मुम्बई विश्वविद्यालय, प्रो मनीष शर्मा अमरकंटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, डॉ चंदन गोस्वामी गुवाहाटी विश्वविद्यालय, कृष्ण कुमार यादव पोस्टमॉस्टर जनरल, भारत सरकार, श्री ए. धन शेखरन संयक्त निदेशक दूरदर्शन नई दिल्ली, बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो अरुण कुमार भगत, अत्रि भारद्वाज, दीपेश चंद्र चौधरी, भरत शर्मा(नेपाल), दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव मुंशी प्रेमचंद स्मारक प्रमुख आदि ने संबोधित किया।




# केबल फाल्ट के चलते खड़ी हुईं ट्रेनें

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के प्लेटफार्म नंबर पांच पर काशी की ओर केबिल फाल्ट के चलते इस प्लेटफार्म से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन कुछ देर के लिए बिगड़ गया। शिवपुर सहित काशी स्टेशन पर आधा दर्जन ट्रेनों को सिग्नल ना मिलने के चलते खड़ी रहीं। रविवार की शाम 5:20 के लगभग कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच के काशी की ओर केबिल में फाल्ट आने के चलते इस रेल मार्ग पर लगे सिग्नल प्वाइंट लगभग बंद हो गया, ट्रेनों को सिग्नल ना मिलने के चलते प्लेटफार्म नंबर पांच पर खड़ी ताप्ती गंगा एक्सप्रेस गंतव्य की ओर रवाना नाहीं हो सकी। इसके चलते शिवपुर व काशी से इस प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेनों का भी परिचालन थोड़ी देर के लिए बिगड़ गया। विभाग द्वारा लगभग एक घंटे बाद केबिल फाल्ट दूर किये जाने के बाद ट्रेनों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि यार्ड री मॉडलिंग के कार्य के चलते थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन विभागीय कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद है, एक घंटे में फाल्ट को दूर कर लिया गया।


















# स्पोर्ट्स

## अपने रंग में लौट आया है भारत का यह गेंदबाज, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साबित हो सकता है एक्स-फैक्टर

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा। ऐसे में भारत के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के एक्स-फैक्टर बन सकते हैं। सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कुलदीप यादव को पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग कारणों से टीम में शामिल नहीं हो पाए थे, लेकिन उन्होंने दमदार वापसी की है। गौरतलब हो कि 2019 में सिडनी में 5 विकेट लेने के बाद तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कुलदीप को विदेशी सरजमीं पर भारत का नंबर 1 स्पिनर करार दिया था, लेकिन इसके बाद उन्हें नियमित मौके नहीं मिले। बार-बार चोटिल होने से उनका आत्मविश्वास कम हो गया था। इस दौरान उनका खराब फॉर्म भी जारी रहा।





# भारतीय महिला टीम का फोकस आईसीसी ट्राफी पर, हरमनप्रीत कौर बोलीं- अंडर-19 विश्व कप देखने के बाद मिली प्रेरणा

## भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे

**केपटाउन।** महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी होने वाली है लेकिन भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे। महिला आईपीएल के लिए नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में है, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच 12 फरवरी को यहां होगा। हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा, नीलामी से पहले हमें काफी महत्वपूर्ण मैच खेलना है और हमारा फोकस उसी पर है। उन्होंने कहा, यह विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा फोकस आईसीसी ट्रॉफी पर है। ये सब चीजें चलती रहती है और एक खिलाड़ी को पता होता है कि उसके लिए क्या अहम है और उसे फोकस कैसे बनाये रखना है। उन्होंने कहा, हम इतने परिपक्व हैं कि हमें पता है कि हमारे लिए क्या अहम है। शेफाली वर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले महीने पहला अंडर 19 विश्व कप जीता। सीनियर टीम भी इस सफलता को दोहराना चाहती है । हरमनप्रीत ने कहा, अंडर 19 विश्व कप देखने के बाद हमें प्रेरणा मिली है। उन्होंने हमें अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया है । हम सभी के लिये यह खास पल था और उनकी इस कामयाबी से कई लड़कियों को क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिलेगी जो हमेशा से हमारा लक्ष्य था। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि महिला आईपीएल भारत में महिला क्रिकेट के विकास में उसी तरह योगदान देगा जैसे महिला बिग बैश या द हंड्रेड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में दिया है। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह बड़ा दिन है क्योंकि हम बरसों से इसका इंतजार कर रहे थे। अगले दो तीन महीने काफी महत्वपूर्ण है । हमने देखा है कि महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड ने कैसे उन देशों में महिला क्रिकेट के विकास में मदद की है । उम्मीद है कि ऐसा हमारे देश में भी होगा। किया सुपर लीग, महिला बिग बैश लीग, द हंड्रेड खेल चुकी हरमनप्रीत ने कहा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना अलग तरह का अनुभव है । मुझे जब यह मौका मिला तो यह जीवन बदलने जैसा था । दूसरी लड़कियां भी इसे महसूस कर सकेंगी । यह अपने खेल को बेहतर बनाने का सुनहरा मौका होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेवाइन और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मैग लानिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के दौरान नीलामी होना अजीब है । डेवाइन ने कहा कि खिलाड़ियों का ध्यान इस पर से हटाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, यह अजीब होगा। कुछ खिलाड़ी चुने जायेंगे और कुछ नहीं। आपको अपनी कीमत का पता चलेगा जो अजीब सा है लेकिन यह भी एक काम है और हमने भी अपने नाम लीग के लिये दिये हैं। उन्होंने कहा, यह अनूठा अनुभव है। लेकिन यह सही है कि इससे ध्यान भटकेगा लेकिन हमें फोकस रखना होगा । महिला क्रिकेट के लिए यह बड़ा पल है और मुझे इसका इंतजार है। ऑस्ट्रेलिया की पूरी 15 सदस्यीय टीम ने लीग के लिये नाम दिया है। हर टीम में सात विदेशी खिलाड़ी होंगे जिनमें से एक सहयोगी देश का होगा।

## आशु ने जीता कांस्य, अन्य पहलवानों ने किया निराश

**जगरेब।** एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आशु ने रविवार को यहां जगरेब ओपन रैंकिंग सीरीज के समापन के दिन ग्रीको रोमन वर्ग में भारत के लिए 67 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इस 23 साल के पहलवान ने लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनास को 5-0 से हराकर भारत की तालिका में दूसरा कांस्य जोड़ा। फ्रीस्टाइल वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुषों की 57 किग्रा में कांस्य जीता था। आशु को क्वालीफिकेशन दौर में ईरान के रेजा महदी अब्बासी ने 9-0 से हराया था उन्होंने रेपेशाज दौर में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हंगरी के एडम फोइलेक को 8-0 से हराने के बाद नॉर्वे के हावर्ड जोर्जेंसन को 9-0 से पटखनी देकर कांस्य पदक दौर में अपनी जगह पक्की की। भारतीय पहलवान ने पहले पीरियड में तीन और दूसरे पीरियड में दो अंक जुटाए जिसके बाद सभी जज ने उन्हें ह्यविन बाई डिसिजनह्व घोषित किया। ग्रीको-रोमन वर्ग में हालांकि सागर (63 किग्रा) को रेपेशाज दौर में ऑस्ट्रिया के अकेर सस्मिड अल ओबैदी ये हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यह मौका क्वार्टर फाइनल के प्रतिद्वंद्वी ईरान के आरीफ हुसैन खौन मोहम्मदी के फाइनल में पहुंचने पर मिला था।



# झूलन गोस्वामी बनीं मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर, चार्लोट एडवर्ड्स मुख्य कोच नियुक्त

## भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हाल ही में संन्यास लेने वाली दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को मुंबई इंडियंस ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र के लिए टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) और गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी है। इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व कप्तान और महिला वनडे और टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली चार्लोट एडवर्ड्स को मार्च में होने वाले उद्घाटन सत्र के लिए फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी, जबकि तृप्ति चंदगडकर भट्टाचार्य टीम मैनेजर होंगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की श्रृंखला के बाद पिछले साल संन्यास लेने वाली 'पद्म श्री' झूलन के नाम दो दशकों से अधिक के करियर में 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। वह महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। झूलन जनवरी 2016 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची थी। संन्यास के बाद वह वह बंगाल की महिला टीम का मार्गदर्शन कर रही है। एडवर्ड का करियर भी लगभग दो दशक का रहा है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीता है। संन्यास के बाद 43 साल की यह खिलाड़ी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कई टीम के साथ कोच के तौर पर काम कर चुकी है। वह आईसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में भी शामिल है। देविका दायें हाथ की बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज रह चुकी है। वह 2014 से 2016 तक भारतीय महिला टीम की सहायक कोच थी। वह बांग्लादेश महिला टीम की भी सहायक कोच रह चुकी है। उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश ने 2018 में एशिया कप का खिताब जीता था। मुंबई इंडियन्स इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम है। इस समूह ने हाल ही में डब्ल्यूपीएल के लिए मुंबई महिला टीम की फ्रेंचाइजी 912.99 करोड़ रुपये में खरीदी है।



## मुश्किल में फंसे कांबली वाइफ को पीटा, केस दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नशे की हालत में पत्नी को कथित रूप से पीटने और अपशब्द कहने के आरोप में भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।



कांबली की पत्नी एंड्रिया ने आरोप लगाया है कि कांबली ने उन पर खाना पकाने का बर्तन फेंक दिया था जिससे उनके सिर में चोट आई है। यह घटना शुक्रवार को दोपहर एक से डेढ बजे के बीच है जब कांबली बांद्रा स्थित अपने घर पर नशे की हालत में पहुंचे और पत्नी को अपशब्द कहने शुरू कर दिये। अधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी ने शिकायत में कहा है कि उनका बारह वर्ष का बेटा भी उस समय मौजूद था जिसने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन कांबली ने रसोई में जाकर टूटा हुआ फ्राइंग पैन उठाया और अपनी पत्नी को मारा जिससे उसे चोट आई है। बाद में कांबली की पत्नी जांच के लिये भाभा अस्पताल गई । उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांबली के खिलाफ आईपीसी की धारा 324 और 504 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है।

# नवाब अकबर बुगती स्टेडियम के करीब विस्फोट, बाबर आजम और शाहिद अफरीदी को सुरक्षित जगह ले जाया गया

**क्वेटा।** कप्तान बाबर आजम और शाहिद अफरीदी सहित शीर्ष पाकिस्तानी क्रिकेटरों को नवाब अकबर बुगती स्टेडियम से कुछ मील की दूरी पर रविवार को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिए ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का एक प्रदर्शनी मैच खेल रहे थे जिसे इस धमाके के बाद कुछ देर के लिये रोक दिया गया। यह विस्फोट पुलिस लाइंस क्षेत्र में हुआ जिसमें पांच लोग घायल हो गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य पूरा हो गया है और घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार को एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है जिसमें कहा गया कि सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाया गया था। पीएसएल की टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स और पेशावर जाल्मी के बीच एक प्रदर्शनी मैच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आयोजित किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही धमाका हुआ, ऐहतियात के तौर पर मैच रोक दिया गया और खिलाड़ियों को कुछ देर के लिये ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। बाद में मैच बहाल हो गया। मैच के लिये मैदान खचाखच भरा था।



## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की धमकी, एशिया कप का वेन्यू बदला तो वनडे वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय क्रिकेट से बड़ा झटका लगा है। एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में भारत ने साफ कर दिया है कि वह एशिया कप 2023 खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच हुए इस बवाल के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब वनडे वर्ल्ड कप 2023 से हटने की तैयारी कर रही है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशियन क्रिकेट काउंसिल के इस फैसले से खुश नहीं है और उसने धमकी दी है कि यदि एशिया कप 2023 पाकिस्तान से बाहर न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया गया तो अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में वह हिस्सा नहीं लेगा। हालांकि, एशिया कप 2023 कहां आयोजित किया जाएगा, इसको लेकर आखिरी फैसला मार्च में होने वाले एसीसी और आईसीसी के बीच बैठक के बाद लिया जाएगा। लेकिन भारत के विरोध के बाद एशिया कप को यूएई शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। हाल ही में कतर ने फीफा वर्ल्ड कप होस्ट किया था। गौरतलब है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में साफ कहा गया कि टीम इंडिया के खिलाड़ी पाकिस्तान ट्रैवल नहीं करेंगे। बीसीसीआई ऐसा फैसला सुरक्षा के मद्देनजर कर रहा है। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान को देने या न देने का फैसला एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) मार्च में कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 2009 में श्रीलंका क्रिकेट टीम की बस पर हुए हमले के बाद लंबे समय तक किसी देश ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया, हालांकि पिछले तीन सालों से एशियाई देश अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर रहा है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सहित कई टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है मगर इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है। दोनों देशों के बीच खराब संबंध होने के कारण भारत और पाकिस्तान की टीमों ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला भी नहीं खेली है।

## जब धोनी की जुल्फों के दीवाने हो गए थे परवेज मुशर्रफ, दी थी ये सलाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ का 79 साल की उम्र में दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। मुशर्रफ को क्रिकेट का काफी शौक था। उनका एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। जब 2005-06 में भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे पर गई थी, तब परवेज मुशर्रफ पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे। उस समय वनडे सीरीज का तीसरा मैच के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया था। जो महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी पारी की वजह से भारत लाहौर वनडे पांच विकेट से जीता था। इस मैच के बाद पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ ने टीम इंडिया को सीरीज जीत के साथ ही धोनी को स्पेशल पारी के लिए बधाई दी थी और माही को कभी न बाल कटवाने की सलाह दी थी। तब मुशर्रफ ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा था, मैंने मैदान पर कई पोस्टर देखे, जिसमें आपको हेयरकट की सलाह दी गई है। लेकिन, आप अगर मेरी राय मानेंगे तो आपको बाल नहीं कटवाने चाहिए। क्योंकि आप इस हेयर स्टाइल में काफी अच्छे लगते हैं। यह सुनकर धोनी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए थे। ऐसे में मुशर्रफ धोनी का जिक्र करते हुए भारतीय कप्तान सौरव गांगुली से पूछ ही बैठे थे कि, 'इसे कहां से लाएं हो?' गांगुली ने कहा था, 'वाघा बॉर्डर के पास घूम रहा था, वहीं से अंदर खींच लिया।'



# टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी : मिताली राज

***उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिए अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है***


**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम की फॉर्म पर निर्भर होगी। इस महान बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में शुक्रवार से शुरू हो रहे टूनार्मेंट में मुश्किल भरी परिस्थितियों में काफी सुधार दिखाना होगा। मिताली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपने कॉलम में लिखा, भारत की उम्मीदें काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी। स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही है और मैच विजेता है। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिये अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम 12 फरवरी को केपटाउन में टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम दक्षिण अफ्रीका में खेल रही है और हाल में त्रिकोणीय श्रृंखला में उप विजेता रही जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी शामिल थे। अनुभवी शिखा पांडे को छोड़कर भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी इकाई इतनी अनुभवी नहीं होगी। मिताली ने कहा, गेंदबाजी की परीक्षा होगी और आपको यहीं सुधार की जरूरत है। उन्हें साथ ही उम्मीद है कि अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा और ऋचा घोष उसी अनुभव का इस्तेमाल करेंगी जो उन्होंने इस आयु ग्रुप के टूनार्मेंट में ऐसी ही परिस्थितियों में खेलते हुए हासिल किया था। मिताली की राय में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया का शानदार बल्लेबाजी विभाग उन्हें खिताब जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है जो छठी बार ट्राफी जीतने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई सहमत होगा कि आस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार है और वह दावेदार बनने का हकदार भी है। मुझे कड़े और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद है। उन्हें हराना इतना मुश्किल है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और उनका बल्लेबाजी लाइन अप भी शानदार है। हालांकि मिताली को यह भी लगता है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा, हमने हाल में देखा कि जब उन्होंने भारत का दौरा किया था तो यह श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी रही थी। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से प्रबल दावेदार है, हमने भारत और इंग्लैंड को टूनार्मेंट के नॉकआउट चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हुए देखा है इसलिये मैं उन्हें हल्के में नहीं लूंगा। वैसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## इंडिया VS आस्ट्रेलिया : ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटका पहले टेस्ट से बाहर हुए जोश हेजलवुड

**नई दिल्ली।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे और दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी उनका खेलना तय नहीं है। 32 वर्ष के हेजलवुड को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वषार्बाधित टेस्ट में बायें पैर में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क भी पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। यह दोनों बॉलर ही ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी की रीढ़ माने जाते हैं, ऐसे में इन दिनों का अब नहीं होना एक बड़ा संकट हो सकता है। हेजलवुड ने बेंगलुरू के केएससीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी अभ्यास सत्र के बाद क्रिकबज से कहा, पहले टेस्ट के बारे में नहीं कह सकता। अभी उसमें कुछ ही दिन बचे हैं। उसके बाद दूसरे टेस्ट में भी ज्यादा समय नहीं है। देखते हैं। हेजलवुड के नहीं खेलने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। मिशेल स्टार्क पहले ही ऊंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हैं।



'अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं'

हेजलवुड ने कहा, अभी कार्यभार प्रबंधन अहम है। मैं थोड़ा बहुत अभ्यास कर पा रहा हूं। अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं। एक बार में एक टेस्ट ही खेल पाना निराशाजनक है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भी वह एक ही टेस्ट खेल सके थे और फिर चोटिल हो गए थे। चोटों के बावजूद उनकी प्राथमिकता टेस्ट क्रिकेट है चूंकि आस्ट्रेलिया का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलना तय है और उसके अलावा एशेज श्रृंखला भी है। उन्होंने कहा, मेरी सोच नहीं बदली है। मैं मैच दर मैच सोचता हूं। यह बड़ा और लंबा दौरा है और हमें चार टेस्ट खेलने हैं। इसके अलावा एशेज भी खेलना है। ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा (टेस्ट सीरीज शेड्यूल)-पहला टेस्ट- 9 से 13 फरवरी, नागपुर, दूसरा टेस्ट- 17 से 21 फरवरी, दिल्ली, तीसरा टेस्ट- 1 से 5 मार्च, धर्मशाला चौथा टेस्ट- 9 से 13 मार्च, अहमदाबाद।


जनसंदेश टाइम्स के 11 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
Amitabh Bhattacharjee
GM
Mo.9918677909
Amit singh
Branch Manager
Mo.7571800340
Presenting the new Grand i10 NIOS.
More to life.
BOOKING OPEN
MH 02 TC 2019 47 1
Aditya Narain Hyundai
Bichiya kala Chandauli


छत्रबली सिंह
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दौली
सरिता सिंह
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दौली
जनसंदेश टाइम्स के
11 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
दीनानाथ शर्मा
जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दौली
गीता देवी
ब्लाक प्रमुख शहाबगंज चन्दौली


मा0 नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत सरकार
मा0 जे0 पी0 नड्डा जी
भाजपा अध्यक्ष
मा0 योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री उ0 प्र0 सरकार
परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
की
11th
ANNIVERSARY
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अशोक जायसवाल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, भदोही